दैनिक
बुद्ध का संदेश
हिन्दी समाचार पत्र
एक विश्वास....
लखनऊ, कानपुर, कन्नौज, बरेली, सीतापुर, सोनभद्र, गोण्डा, बाराबंकी, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, अम्बेडकरनगर, फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, महराजगंज, रामपुर, रायबरेली, सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।
सम्पादक : राजेश शर्मा
दैनिक बुद्ध का संदेश 8795951917, 9415163471 @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com
उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त
सिद्धार्थनगर
बुधवार 16 जुलाई 2025
वर्ष: 12 अंक : 214 पृष्ठ: 8
आमंत्रण मूल्य 2/-रूपया

रोजाना दूध वाली चाय पीने से हो सकते ...8

18 दिन बाद शुभआगमन! कैलिफोर्निया के तट पर लैंड हुआ ड्रैगन यान, अंतरिक्ष से सितारे जमीन पर

15 जुलाई 2025 भारतीय समयानुसार दोपहर 3रू00 बजे अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की 18 दिन की अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) यात्रा का समापन कर धरती पर लौट गए। सभी अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर आ रहा ड्रैगन यान कैलिफोर्निया के सैन डिएगो में उतरा। उनके ड्रैगन कैप्सूल ने सोमवार शाम 4रू45 बजे आईएसएस से अनडॉकिंग के बाद धरती की यात्रा शुरू की। शुभांशु एग्जिओम–4 मिशन के तहत 25 जून को दोपहर 12 बजे तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ आईएसएस गए थे। तब पहुंचने में 28 घंटे लगे थे, लेकिन वापसी 23 घंटे में पूरी होगी। शुभांशु आईएसएस पहुंचने वाले पहले भारतीय हैं। क्या प्रयोग किए गए स्पेस में: आईएसएस पर शुभांशु और उनके साथ तीन अंतरिक्ष यात्रियों ने 60 से अधिक वैज्ञानिक प्रयोग किए। ड्रैगन अंतरिक्ष यान स्पेस स्टेशन से चार टन के सदस्यों के अलावा 880 पाउंड से अधिक सामान के साथ लौटेगा। शुभांशु ने अंतरिक्ष स्टेशन पर माइक्रोएल्गी प्रयोग पर काम किया। ऐसे सैंपल लिए जो भविष्य में बड़े अंतरिक्ष अभियानों के लिए भोजन, ऑक्सिजन और बायोफ्यूल का सोर्स बन सकते हैं। एक अन्य स्टडी के लिए ढेटा इकट्ठा किया जिसमें यह समझने की कोशिश की गई कि अंतरिक्ष यात्री दबाव में अपने वातावरण को कैसे अनुभव करते हैं और उसके साथ कैसे तालमेल बनाते हैं।

14 दिन का मिशन 18 दिन चला

मिशन 14 दिन का था, पर 18 दिन चला। यहां 60 प्रयोग किए गए। इनमें 7 इसरो के थे। शुभांशु 263 किलो वैज्ञानिक सामान और ढेटा ला रहे हैं। यह मिशन इसरो के लिए अहम है, क्योंकि भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान 2027 में लॉन्च होना है। शुभांशु के मिशन पर 550 करोड़ खर्च हुए।

10 दिन का आइसोलेशन

धरती पर उतरने के बाद शुभांशु 7 दिन आइसोलेशन में रहेंगे। 18 दिन शून्य गुरुत्वाकर्षण में बिताकर आ रहे हैं। इस रिहैब प्रोग्राम में फ्लाइट सर्जन उनकी निगरानी करेंगे। भारत लौटने से पहले उन्हें कई चिकित्सकीय, शारीरिक और मनोवैज्ञानिक मूल्यांकनों से गुजरना होगा।

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में खाई में टैक्सी गिरने से 8 की मौत, आठ घायल

धारचूला (पिथौरागढ़)। पिथौरागढ़–धारचूला मार्ग पर मंगलवार शाम करीब पांच बजे मुवानी से बोक्टा जा रही एक जीप मुवानी के निकट स्यूनी पुल के पास अनियंत्रित होकर लगभग 40 मीटर नीचे बह रहे स्यूनी नाले में गिर गई। वाहन में सवार चालक सहित आठ लोगों की मौत हो गई और आठ लोग घायल हो गए। मृतकों में एक आठ वर्षीय बालिका और कक्षा नौ और ग्यारह में पढ़ने वाली दो सगी बहनें हैं। घायलों में अधिकांश की हालत गंभीर है। सभी को जिला अस्पताल पिथौरागढ़ भेजा गया है। मंगलवार शाम पांच बजे के आसपास सिक्स जीप नंबर यूके 05 टीए 0193 , 18 सवारियों को लेकर मुवानी से आठ किमी दूर बोक्टा को रवाना हुई। मुवानी से लगभग एक किमी दूर स्यूनी पुल के पास वाहन सीधे चालीस मीटर गहरी खाई में बह रहे स्यूनी नाले में विशाल बोल्डरों से गिरा। बोल्डरों से गिरने से चकनाचूर हुए वाहन से खून सने और वाहन छिटक कर नाले में गिर गए। वाहन के खाई में गिरते ही स्थानीय लोग राहत में जुट गए।

कांवड़ यात्रा पथ पर ढाबों पर फिलहाल लगाना ही होगा क्यूआर कोड

एससी ने यूपी–उत्तराखंड सरकार से जवाब तो मांगा, लेकिन रोक नहीं लगाई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में योगी सरकार की बड़ी जीत हुई है। क्यूआर कोड मामले को लेकर याचिकाकर्ता ने याचिका दाखिल की थी, उन्हें कोई खास सफलता नहीं मिली है। सुप्रीम कोर्ट में इस मामले में 2 मिनट की सुनवाई हुई। कांवड़ यात्रा शुरू हो चुकी है और 23 तारीख तक खत्म हो जाना है। लेकिन याचिकाकर्ता को इस मामले में अंतरिम राहत की उम्मीद थी। लेकिन सुनवाई की शुरुआत के समय ही उत्तराखंड सरकार और यूपी सरकार के वकील जितेंद्र कुमार सेठी ने कहा कि मामला संगीन है और हमें दो हफ्ते का वक्त चाहिए। जिसके बाद इस मामले में 22 तारीख की सुनवाई की वक्त मुकर्रर कर दी। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने राज्य सरकार को नोटिस जारी किया और डिजायिट अपूर्वानंद झा एवं अन्य द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई 22 जुलाई के लिए स्थगित कर दी। शीर्ष अदालत ने पिछले साल नाजापा शासित उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश द्वारा जारी इसी तरह के निर्देशों पर रोक लगा दी थी, जिसमें कांवड़ यात्रा मार्गों पर स्थित भोजनालयों को अपने मालिकों कर्मचारियों के नाम और अन्य विवरण प्रदर्शित करने के लिए कहा गया था। 25 जून को उत्तर प्रदेश प्रशासन द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति का हवाला देते हुए झा ने कहा कि नए उपायों में कांवड़ मार्ग पर सभी भोजनालयों पर क्यूआर कोड प्रदर्शित करना अनिवार्य किया गया है, जिससे मालिकों के नाम और पहचान का पता चलता है, जिससे बड़ी भेटमाघपूर्ण प्रोफाइलिंग प्राप्त होती है जिस पर पहले इस न्यायालय ने रोक लगा दी थी।

पूरी तरह से सर्कस चला रहे हैं...

शी जिनपिंग से मुलाकात को लेकर राहुल गांधी ने जयशंकर पर कसा तंज

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर पर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को भारत–चीन संबंधों के बारे में भ्रामक जानकारी देने के लिए निशाना साधा और कहा कि यह देश की विदेश नीति को नष्ट करने के उद्देश्य से एक पूरी तरह से सर्कस चला रहे हैं। विपक्ष के नेता की यह टिप्पणी जयशंकर द्वारा मंगलवार को शी जिनपिंग से मुलाकात और उन्हें द्विपक्षीय संबंधों के हालिया विकास से अवगत कराने के बाद आई है। राहुल ने एक्स पर लिखा कि मुझे लगता है कि चीनी राष्ट्रपति को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं भी दीं। एक्स पर एक पोस्ट में जयशंकर ने कहा कि आज सुबह बीजिंग में अपने साथी एससीओ विदेश मंत्रियों के साथ राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति शी को हमारे द्विपक्षीय संबंधों के हालिया विकास से अवगत कराया। हमारे नेतृत्व के मार्गदर्शन को महत्व देते हैं। जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए चीन की आधिकारिक यात्रा पर हैं। विदेश मंत्री आएंगे और मोदी को चीन–भारत संबंधों में हालिया घटनाक्रमों से अवगत कराएंगे। विदेश मंत्री अब भारत की विदेश नीति को बर्बाद करने के उद्देश्य से एक पूरी तरह से सर्कस चला रहे हैं। बीजिंग में शी जिनपिंग के साथ अपनी मुलाकात के दौरान जयशंकर ने चीन के राष्ट्रपति को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति शी को हमारे द्विपक्षीय संबंधों के हालिया विकास से अवगत कराया। हमारे नेतृत्व के मार्गदर्शन को महत्व देते हैं। जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए चीन की आधिकारिक यात्रा पर हैं।

पीएम मोदी पर बनाए कार्टून को सुप्रीम कोर्ट ने भड़काऊ बताया, कार्टूनिस्ट को फटकारा, गिरफ्तारी पर लगाई रोक

सुप्रीम कोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस कार्यकर्ताओं के कथित आपत्तिजनक कार्टून सोशल मीडिया पर साझा करने के आरोपी कार्टूनिस्ट को मंगलवार को संरक्षण प्रदान किया। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने कहा कि अगर उन्होंने सोशल मीडिया पर कोई और आपत्तिजनक पोस्ट शेयर की, तो राज्य कानून के तहत उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र है। शीर्ष अदालत कथित अपमानजनक ऑनलाइन पोस्ट से नाराज थी और उसने कहा लोग किसी को भी, कुछ भी कह देते हैं। हेमंत मालवीय ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा 3 जुलाई को पारित उस आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी जिसमें उन्हें अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया गया था। प्रधानमंत्री और आरएसएस कार्यकर्ताओं के कथित आपत्तिजनक कार्टून ऑनलाइन साझा करने के आरोपी कार्टूनिस्ट को उच्चतम न्यायालय का संरक्षण मिला। सोशल मीडिया पोस्ट आपत्तिजनक, सभी तरह के दंडनीय प्रावधान लागू हो सकते हैं। लोग किसी को भी कुछ भी कह देते हैं। हमें इस बारे में कुछ तो करना होगा। एक्टिविस्ट और आरएसएस कार्यकर्ता विनय जोशी की शिकायत पर मई में इंदौर के लसूड़िया पुलिस थाने में उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। जोशी ने आरोप लगाया कि मालवीय ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री अपलोड करके हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई और सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ा। सुप्रीम कोर्ट ने हेमंत मालवीय को अंतरिम राहत देते हुए गिरफ्तारी से संरक्षण प्रदान कर दिया है। मामले की अगली सुनवाई 4 अगस्त को होगी।

जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने चित्रकूट के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

चित्रकूट। प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मंगलवार को भारी वर्षा के कारण उत्पन्न बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने के लिए चित्रकूट जनपद का दौरा किया। उन्होंने रामघाट पहुंचकर बाढ़ प्रभावित दुकानदारों व्यापारियों किसानों से सीधे संवाद किया और उनके नुकसान की जानकारी ली। मंत्री ने आपदा की इस घड़ी में सरकार की ओर से हरसंभव मदद का भरोसा दिलाते हुए कहा कि किसी भी प्रभावित व्यक्ति को राहत से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान जलशक्ति मंत्री ने जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन को निर्देशित किया कि उपजिलाधिकारियों के माध्यम से सभी प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल सर्वे कराकर यह स्पष्ट किया जाए कि कितनी दुकानों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और घरों को नुकसान पहुंचा है।

अगले 5 साल में युवाओं को मिलेगी 1 करोड़ नौकरियां और रोजगार

बिहार चुनाव से पहले नीतीश सरकार का बड़ा फैसला

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले, नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार ने मंगलवार को 30 प्रमुख प्रस्तावों को मंजूरी दे दी, जिनमें अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को रोजगार देने की योजना भी शामिल है। इस साल के अंत में होने वाले राज्य चुनावों से पहले घोषित इस फैसले को सत्तारूढ़ एनडीए सरकार द्वारा बिहार में बढ़ती बेरोजगारी और रोजगार सृजन पर कथित निष्क्रियता को लेकर विपक्ष की आलोचना का जवाब देने के लिए एक रणनीतिक कदम के रूप में देखा जा रहा है। इससे पहले रविवार को, मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में इसी तरह की घोषणा की थी, जिसमें उन्होंने यह भी दावा किया था कि 2005 से 2020 के बीच बिहार में आठ लाख से जयादा युवाओं को सरकारी नौकरियां दी गईं। कुमार ने पोस्ट में कहा, अगले पांच वर्षों (2025 से 2030) के लिए हम एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरियों और रोजगार के अवसर प्रदान करके इस लक्ष्य को दोगुना करने का लक्ष्य रख रहे हैं। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निजी क्षेत्र, खासकर औद्योगिक क्षेत्रों में नई नौकरियों और रोजगार के अवसर भी पैदा किए जाएंगे। उन्होंने आगे कहा, इसके लिए एक उच्च–स्तरीय समिति का गठन किया जा रहा है। वर्तमान में सात निश्चय कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य के युवाओं को स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ने के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। अगले पांच वर्षों में, सात निश्चय के अंतर्गत युवा कौशल विकास के लिए चल रहे कार्यक्रम का विस्तार किया जाएगा। कुमार ने घोषणा की कि बिहार में कौशल विकास के लिए समर्पित एक नया विश्वविद्यालय स्थापित किया जाएगा जिसका नाम राज्य के प्रतिष्ठित नेता जननायक कर्पूरी ठाकुर के सम्मान में जननायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय रखा जाएगा।

कांवड़ लेने मत जाना...

कांवड़ियों पर कविता से बोट, टीचर की तीखत में खोट?

बरेली। एमजीएम इंटर कॉलेज के टीचर की कांवड़ियों पर कविता से बवाल मच गया है। कविता सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। वीडियो में रजनीश गंगवार अपने स्कूल के बच्चों को एक कविता सुना रहे हैं। कविता में वो बोल रहे हैं कि तुम कांवड़ लेने मत जाना, ज्ञान का दीप जलाना। इस वीडियो के सामने आते ही मामला गर्मा गया है। टीचर के इस बयान को सीधे कांवड़ियों का विरोध मान लिया गया है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है और जांच की जा रही है। इस गीत के बोल इस प्रकार हैं‘तू कांवड़ लेने मत जाना, तुम ज्ञान के दीप जलाना। मानवता की सेवा करके सच्चे मानव बन जाना। स्थानीय पार्षद और कुछ भाजपा नेताओं द्वारा पुलिस से संपर्क कर कार्रवाई की मांग करने के बाद कल रात शिक्षक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। बहेड़ी थाना क्षेत्र में एमजीएम इंटर कॉलेज के शिक्षक रजनीश गंगवार ने छात्रों के सामने कविता के माध्यम से कांवड़ यात्रा को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार सिंह ने बताया उनने मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रहे हैं।

5 साल तक मूर्ख नहीं बनाया जा सकता

यौन शोषण मामले में यश दयाल की गिरफ्तारी पर एलसी ने लगाई रोक

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मंगलवार को क्रिकेटर यश दयाल की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी। यह रोक एक महिला के कथित यौन शोषण के मामले में उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर के संबंध में लगाई गई थी। लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार, यह रोक क्रिकेटर यश दयाल के खिलाफ एक महिला के कथित यौन शोषण के मामले में दर्ज एफआईआर के संबंध में लगाई गई थी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेलने वाले इस क्रिकेटर पर एक महिला ने शादी का वादा करके यौन शोषण का आरोप लगाया है। महिला के अनुसार, दोनों की मुलाकात लगभग पांच साल पहले हुई थी। 27 वर्षीय यश दयाल पर 6 जुलाई को गाजियाबाद जिले के इंदिरापुरम पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता की धारा 69 (धोखे से यौन संबंध बनाना आदि) के तहत मामला दर्ज किया गया था। पिछले हफ्ते, क्रिकेटर ने उच्च न्यायालय का रुख किया और अपनी गिरफ्तारी पर रोक लगाने और अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग की। मंगलवार को सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा और न्यायमूर्ति अनिल कुमार की

उर्दू थोपने का उमर अब्दुल्ला सरकार का फैसला कैट ने पलटा

नायब तहसीलदार पदों में उर्दू के ज्ञान की बाध्यता खत्म हुई

श्रीनगर। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने एक ऐसा ऐतिहासिक और दुष्टिकरण वाला फैसला लिया था जिससे जम्मू–कश्मीर के युवाओं को तहसीलदार की नौकरी हासिल करने के लिए समान अवसर नहीं मिल पाते। इसलिए युवाओं और केंद्र शासित प्रदेश में मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा ने इस फैसले का जमकर विरोध किया और इसे केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) में चुनौती दी गयी जिसने उमर अब्दुल्ला सरकार के फैसले को पलट दिया। हम आपको बता दें कि तहसीलदार पद के लिए उर्दू भाषा का ज्ञान अनिवार्य था जिससे जम्मू–कश्मीर के युवा बेहद परेशान थे क्योंकि खासतौर पर जम्मू क्षेत्र में बहुत कम छात्र स्कूल में उर्दू पढ़ते हैं। हैरानी की बात यह है कि कश्मीरियों के अधिकारों की वकालत करने का दावा करने वाली नेशनल कांफ्रेंस खुद जम्मू–कश्मीर के लोगों के अधिकारों को छीनना चाहती थी। सिलसिलेवार तरीके से देखें तो जम्मू–कश्मीर में नायब तहसीलदार पदों के लिए उर्दू की अनिवार्यता का ज्ञान होने संबंधी निर्णय जम्मू एवं कश्मीर सेवा चयन भर्ती बोर्ड (अधीनस्थ) की ओर से 9 जून 2025 को लिया गया था। यह निर्णय Revenue Service Recruitment Rules, 2009 के तहत लिया गया था और इस नियम को 2009 की नेशनल कांफ्रेंस सरकार के दौरान ही बनाया गया था। लेकिन सालों से जो भेदभाव चला आ रहा था वह अब समाप्त हो गया है। अब केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) ने जम्मू–कश्मीर सेवा चयन भर्ती बोर्ड को निर्देश दिया है कि वह उन अभ्यर्थियों के आवेदन स्वीकार करे जिनके पास स्नातक की डिग्री हो और पांच आधिकारिक भाषाओं– हिंदी, कश्मीरी, अंग्रेजी, डोगरी और उर्दू में से किसी एक का ज्ञान हो। देखा जाये तो कैट का यह फैसला प्रशासनिक सुधार के लिहाज से तो स्वागत योग्य है ही साथ ही इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि यह उस पुरानी व्यवस्था की गलतियों को सुधारेगा, जिसे उमर अब्दुल्ला सरकार ने लागू किया था। हम आपको बता दें कि नायब तहसीलदार का पद प्रशासनिक और राजस्व प्रबंधन से जुड़ा होता है। इसका मूल कार्य कानून व्यवस्था, भूमि रिकॉर्ड और स्थानीय प्रशासनिक प्रक्रियाओं का संचालन है। यह कार्य प्रशासनिक दक्षता और समझदारी मांगता है न कि उर्दू जैसी किसी विशेष भाषा का ज्ञान। देखा जाये तो किसी भाषा को अनिवार्य बनाना, प्रशासनिक पदों को भाषाई पहचान की राजनीति से जोड़ना था, जो एक लोकतांत्रिक और बहुभाषी राज्य के लिए घातक प्रवृत्ति है। हम आपको याद दिला दें कि उमर अब्दुल्ला सरकार की ओर से उर्दू को भाजपा की आधिकारिक भाषा बताकर उसे जरूरत से ज्यादा बढ़ावा देना, एक वर्ग विशेष को खुश करने और पहचान की राजनीति को मजबूत करने की कोशिश थी। लेकिन एक प्रशासनिक व्यवस्था भाषा आधारित नहीं, बल्कि समता आधारित होनी चाहिए।

लखनऊ नगर निगम ने बरसात में नागरिकों की सुरक्षा के लिए तेज किया मैनहोल और नालों को ढकने का अभियान

लखनऊ। बरसात के मौसम में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लखनऊ नगर निगम और जलकल विभाग ने एक विशेष अभियान की शुरुआत की है। जिसके अंतर्गत खुले मैनहोल, नाले और टूटी सीवर लाइनों को युद्धस्तर पर चिन्हित कर तत्काल ढका जा रहा है। नगर आयुक्त गौरव कुमार के स्पष्ट निर्देशों के तहत सभी जोनों के अभियंताओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे ऐसे स्थानों को प्राथमिकता पर चिन्हित कर तत्काल कार्यवाही करें। नगर निगम और जलकल विभाग की संयुक्त टीमें क्षेत्रीय निरीक्षण कर रही हैं और जहां कहीं भी खुला मैनहोल, टूटी ढक्कन या खुला नाला देखा जा रहा है, वहां त्वरित मरम्मत और ढक्कन लगवाने की कार्यवाही की जा रही है। अभियान का उद्देश्य यह है कि बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति में नागरिकों को सुरक्षित आवागमन मिल सके और किसी प्रकार की दुर्घटना की आशंका न रहे। नगर निगम के मुख्य अभियंता (सिविल) महेश वर्मा ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में 90 से अधिक स्थानों पर खुले नालों और मैनहोल को कवर किया गया है। उन्होंने कहा कि जहां से भी समस्या की सूचना मिल रही है, वहां संबंधित टीमें तुरंत मौके पर पहुंचकर कार्रवाई कर रही हैं। इसी क्रम में जलकल विभाग भी बराबर सक्रिय है। जलकल के महाप्रबंधक कुलदीप सिंह के अनुसार, विभाग द्वारा अब तक 30 से अधिक जगहों पर सीवर के टूटे या गायब ढक्कनों को बदला जा चुका है। विभाग की टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं और कहीं भी जोखिम की स्थिति बनने से पहले सुधार कार्य किया जा रहा है। इसी बीच नगर आयुक्तों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने क्षेत्रों का दौरा कर स्थानीय अभियंताओं और कर्मचारियों को सख्त आदेश दें कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कोई मैनहोल या नाला खुला छोड़ा गया मिला तो संबंधित कर्मियों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने कहा कि जब तक शहर के सभी संवेदनशील बिंदुओं को सुरक्षित नहीं कर लिया जाता, यह अभियान जारी रहेगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि यदि वे कहीं पर भी खुला मैनहोल या नाला देखें तो तत्काल नगर निगम या जलकल विभाग को सूचित करें, ताकि समय पर उसे दुरुस्त किया जा सके। यह अभियान केवल सुरक्षा नहीं, बल्कि शहर की स्वच्छता और नगर प्रशासन की तत्परता को भी दर्शाता है। बरसात के इस मौसम में प्रशासन का यह संयुक्त प्रयास शहरवासियों के लिए राहतभरा कदम साबित हो रहा है।

भ्रष्टाचार पर बरसे अखिलेश यादव, कहा– टूटती टंकियां, दरकती सड़कें, डूबता शासन, 2027 में जनता करेगी बदलाव

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि शासन के हर स्तर पर लूट मची है और निर्माण कार्यों में कमीशनखोरी के चलते कोई भी परियोजना गुणवत्ता के मानकों पर खरी नहीं उतर रही। अखिलेश यादव ने कहा कि जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत बनाई गई पानी की टंकियां जिलों में टूट रही हैं, पाइप लाइनें फट रही हैं और सड़कें दरक रही हैं। उन्होंने कहा कि अब पुल और पुलियां भी ढह रही हैं, जिससे साफ है कि भाजपा सरकार में जनता के टैक्स के पैसे की खुली लूट हो रही है। उन्होंने हाल की बरसात में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे पर आई दरारों को उदाहरण बताते हुए कहा कि सात हजार करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली इस सड़क का भ्रष्टाचार अब उजागर हो गया है। वहीं चित्रकूट में करोड़ों रुपये से बने पुलों के अप्रोच मार्ग बरसात में ध्वस्त गए। अखिलेश यादव ने कहा, भाजपा सरकार में झूठी बयानबाजी और कागजी बैठकों के अलावा कुछ नहीं हो रहा है। भ्रष्टाचार के और उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में अयोध्या खानन, ट्रांसफर-पोस्टिंग में लेन-देन, निवेश परियोजनाओं में कमीशनखोरी और थानों-तहसीलों में व्याप्त रिश्वतखोरी भाजपा सरकार के संरक्षण में फल-फूल रही है। लखनऊ में नाले-नालियों की सफाई में भी भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि राजधानी में हल्की बारिश होते ही जलभराव की स्थिति बन जाती है। उन्होंने ठाकुरगंज क्षेत्र की उस घटना को हृदयविदारक बताया जिसमें सुरेश लोधी की नाले में गिरने से मौत हो गई। उन्होंने इसे शासन की लापरवाही और भाजपा सरकार की संवेदनहीनता की पराकाष्ठा बताया। अखिलेश यादव ने अंत में कहा कि जनता अब भाजपा सरकार की हकीकत पहचान चुकी है। 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा के भ्रष्टाचारी शासन को हटाकर विकास के एक नए युग की शुरुआत करेगी।

दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने को लेकर सरकार प्रतिबद्ध, राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप ने दिए कई अहम निर्देश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने मंगलवार को योजना भवन में उत्तर प्रदेश राज्य सलाहकार बोर्ड की छठवीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिव्यांगजनों के अधिकारों और सुविधाओं को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी दिव्यांगजन योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे और हर स्तर पर उनकी गरिमापूर्ण सहभागिता सुनिश्चित की जा सके। बैठक में मंत्री कश्यप ने निर्देश दिए कि सभी नगर निकाय क्षेत्रों में सार्वजनिक भवन, स्थल, पार्क और शौचालय दिव्यांगजनों के लिए पूरी तरह सुगम बनाए जाएं। उन्होंने परिवहन निगम की बसों में दिव्यांग यात्रियों के लिए ड्राइवर और कंडक्टर द्वारा सहायता उपलब्ध कराने तथा मित्रवत व्यवहार सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि जिन मार्गों पर दिव्यांगजनों की संख्या अधिक है, वहां बसों में चार से अधिक सीटें आरक्षित करने पर भी विचार किया जाए। राज्यमंत्री ने निर्देश दिए कि राज्य सलाहकार बोर्ड की बैठक प्रत्येक छह माह में अनिवार्य रूप से आयोजित हो और संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। अनुपस्थित अधिकारियों से स्पष्टीकरण लिया जाएगा और बोर्ड द्वारा लिए गए निर्णयों का पूर्ण पालन किया जाएगा। आईटी विभाग को सभी सरकारी वेबसाइटों को दिव्यांगजन फ्रेंडली बनाने के निर्देश दिए गए हैं। अभी तक 44 वेबसाइटों को इस मानक पर अनुकूलित किया जा चुका है। वहीं बेसिक शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया है कि विशेष शिक्षकों की शीघ्र नियुक्ति की जाए ताकि दिव्यांग विद्यार्थियों को गुणवत्तापरक शिक्षा मिल सके। उन्होंने स्कूल मर्जिंग के दौरान दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष सर्वे कराने और उनके आने-जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात भी कही। माध्यमिक और उच्च शिक्षा विभाग को दिव्यांग विद्यार्थियों को निःशुल्क प्रवेश और समुचित सुविधाएं देने के निर्देश दिए गए। डॉ. शकुंतला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ और जगद्गुरु श्रीरामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट को मॉडल के रूप में देखते हुए सभी विश्वविद्यालयों को दिव्यांगजन अनुकूल बनाने की योजना पर बल दिया गया। बैठक में यह भी बताया गया कि वर्ष 2024-25 की तीसरी किश्त के अंतर्गत 10.41 लाख दिव्यांगजनों को पेंशन दी जा चुकी है, जबकि कुष्ठावस्था पेंशन योजना में 11,671 लाभार्थियों को लाभ मिला है। कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण योजना में 10,229 उपकरण वितरित किए गए हैं। 165 दिव्यांगजनों को शल्य चिकित्सा अनुदान प्राप्त हुआ है। 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले व्यक्तियों को यूपीएसआरटीसी की बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा दी जा रही है, जिसका व्यय विभाग द्वारा वहन किया जाता है। राज्य में 18 बचपन डे-केयर केंद्रों के माध्यम से दृष्टिबाधित, श्रवणबाधित और मानसिक मंदित बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा दी जा रही है। 16 विशेष विद्यालयों में 1,403 विद्यार्थी और 5 समेकित विद्यालयों में 171 छात्र अध्ययनरत हैं। सरकारी सेवाओं में पदोन्नति में 4 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान प्रभावी ढंग से लागू किया गया है। राज्यमंत्री ने यह भी कहा कि नगर विकास विभाग द्वारा आवंटित दुकानों और विकास प्राधिकरणों व औद्योगिक क्षेत्रों में दिव्यांगजनों को प्राथमिकता दी जाए। पीडीएस दुकानों में आरक्षण की स्थिति स्पष्ट की जाए और अधिनियम की धारा 37 के तहत 5 प्रतिशत आरक्षण के अनुपालन की रिपोर्ट सभी विभाग प्रस्तुत करें। राज्य में अब तक 15,50,498 यूडीआईडी कार्ड जारी किए जा चुके हैं और दिव्यांगता प्रमाणन के लिए विशेष चिकित्सकों की अनुपलब्धता की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। राज्य आयुक्त प्रो. हिमांशु शेखर झा ने बताया कि वर्ष 2024-25 में 503 और वर्ष 2025-26 (अब तक) में 91 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से अधिकांश का निस्तारण हो चुका है। अधिनियम की धारा 79 के तहत सभी जिलाधिकारियों को अपर आयुक्त तथा जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारियों को सहायक आयुक्त नामित किया गया है। दिव्यांगजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए विभिन्न जिलों में मोबाइल कोर्ट आयोजित किए गए हैं, जिनमें मेरठ, अयोध्या, गोण्डा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बाराबंकी, अमेठी और सुल्तानपुर में कुल 677 शिकायतों का निस्तारण किया गया। विभाग ने बीते वर्षों में कई डिजिटल और प्रशासनिक नवाचार भी किए हैं, जैसे स्मार्ट क्लास, ई-लर्निंग पोर्टल, ऑनलाइन पंजीकरण व बजट मॉनिटरिंग, कृत्रिम अंग वितरण का ऑनलाइन संचालन और ई-ऑफिस प्रणाली। राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप ने अंत में कहा कि शासन, प्रशासन और समाज की संयुक्त भागीदारी से ही दिव्यांगजनों के जीवन को गरिमामय और सशक्त बनाया जा सकता है। सरकार का प्रयास है कि प्रदेश का कोई भी दिव्यांगजन योजनाओं के लाभ से वंचित न रह जाए।

उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने कन्नौज को विश्व इत्र नगरी बनाने के लिए आयोजित की विशेष फैमिलियराइजेशन ट्रिप

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने प्रदेश के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक शहर कन्नौज को विश्व के प्रमुख इत्र निर्माताओं की सूची में शामिल करने के उद्देश्य से आगरा से कन्नौज तक एक विशेष फैमिलियराइजेशन ट्रिप का आयोजन किया। इस एक दिवसीय यात्रा में देशभर के प्रमुख टूर एंड ट्रैवल एजेंट्स, प्रतिष्ठित होटलों के प्रतिनिधि तथा सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स शामिल हुए। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस ट्रिप के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने कन्नौज के फ्रेगरेंस एंड फ्लेवर डेवलपमेंट सेंटर तथा पारंपरिक इत्र कारखानों का दौरा किया, जहां उन्हें गुलाब, बेला, केवड़ा जैसे प्राकृतिक संसाधनों से इत्र बनाने की पारंपरिक विधियों का प्रत्यक्ष अनुभव हुआ। इसके अलावा प्रतिनिधियों ने कन्नौज के पुरातात्विक संग्रहालय, मखदूम जहानियां मस्जिद और गौरी शंकर बाबा मंदिर का भ्रमण कर शहर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से परिचित हुए। मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि कन्नौज को फ्रांस के ग्रास की तरह विश्वविख्यात इत्र नगरी बनाना सरकार का लक्ष्य है। इस पहल से न केवल पारंपरिक कला को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि आगरा, मथुरा, ब्रज और कन्नौज को जोड़कर बहु-आयामी पर्यटन मार्गों का विकास होगा, जिससे प्रदेश के पर्यटन क्षेत्र को नई ऊंचाइयां मिलेंगी। उन्होंने बताया कि कन्नौज में परफ्यूम ट्रेल्स इब विकसित करने की योजना है, जिससे स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। इस यात्रा के बाद टूर ऑपरेटर्स इत्र-थीम आधारित विशेष टूर पैकेज तैयार करेंगे, जो आगरा-कन्नौज-ब्रज क्षेत्र की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विविधताओं को एकीकृत रूप में प्रस्तुत करेगा। इस प्रयास के तहत पर्यटन विभाग राज्य में समावेशी पर्यटन इकोसिस्टम का निर्माण कर रहा है, जिससे राज्य के पर्यटन उद्योग को मजबूती मिलेगी और स्थानीय समुदायों को आर्थिक लाभ भी प्राप्त होगा।

शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष से वापसी पर अखिलेश यादव ने दी बधाई, कहा– भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान के लिए मील का पत्थर

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष से सकुशल वापसी पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए शुभांशु शुक्ला के माता-पिता, परिवारजनों और समस्त देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का स्पैसक्राफ्ट मंगलवार को अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित समुद्र में सफलतापूर्वक स्प्लैश डाउन हुआ। यह मिशन न केवल भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान के लिए एक नई उपलब्धि है, बल्कि भारत की वैज्ञानिक प्रतिभा और वैश्विक योगदान का भी प्रमाण है। अखिलेश यादव ने कहा, यह अभियान भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। इस सभी देशवासी शुभांशु शुक्ला पर गर्व महसूस करते हैं। उन्होंने बताया कि शुभांशु शुक्ला के अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना होने के बाद लखनऊ के त्रिवेणी नगर स्थित उनके परिवार से उनकी मुलाकात हुई थी। उन्होंने इसे पूरे देश के लिए गौरव का क्षण बताया। समाजवादी पार्टी प्रमुख ने इस ऐतिहासिक मिशन को भारत की नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बताया और विश्वास जताया कि इस तरह की उपलब्धियां युवाओं को विज्ञान, शोध और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेंगी।

104.90 करोड़ की प्रोत्साहन राशि से उत्तर प्रदेश में उद्योगों को मिलेगा बल, दो कंपनियों को मिला ब्याज मुक्त ऋण

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने और प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी की दिशा में अग्रसर करने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया गया है। मंगलवार को प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी' ने निवेशकों को राहत प्रदान करते हुए प्रदेश के विभिन्न जनपदों में स्थापित पांच कंपनियों को कुल 104.90 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। इसके साथ ही दो कंपनियों को कुल 7.09 करोड़ रुपये का ब्याज मुक्त ऋण भी स्वीकृत किया गया है।

आयुष मिशन की निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा में मंत्री दयालु सख्त, गुणवत्ता और समयबद्धता पर दिया जोर

लखनऊ। प्रदेश के आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने मंगलवार को राष्ट्रीय आयुष मिशन के समाचार में निर्माण कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए कार्यदायी संस्थाओं को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी परियोजनाएं तय समयसीमा और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण हों। उन्होंने चेतावनी दी कि निर्माण कार्यों में अधोमानक सामग्री के इस्तेमाल की स्थिति में संबंधित संस्थाओं पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान मंत्री ने लंबित उपयोगिता प्रमाणपत्रों (यूसी) को तत्काल राष्ट्रीय आयुष मिशन कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण में कोई भी ढिलाई या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विभिन्न जनपदों में चल रही परियोजनाओं की प्रगति की अलग-अलग समीक्षा की और प्राथमिकता के आधार पर तेजी से कार्य पूरा करने पर बल दिया। डॉ. दयालु ने अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी और बांदा में आयुर्वेदिक महाविद्यालयों में चल रहे निर्माण और नवीनीकरण कार्यों को शीघ्रता से पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज आजमगढ़, गोरखपुर और मुरादाबाद में वलाससरुन, शौचालय ब्लॉक, छात्रावास और अन्य निर्माण कार्यों को भी समयबद्ध ढंग से पूरा करने के लिए निर्देशित किया। इसके अलावा मंत्री ने मेसर्स मिर्जापुर सम्पल गोरखपुर हरदोई, श्रावस्ती और जौनपुर में एकीकृत आयुष चिकित्सालयों (50 और 30 शैय्या) के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया। साथ ही 250 आयुर्वेदिक चिकित्सालयों के निर्माण, 49 वेलनेस सेंटर्स में सिविल व बिल्डिंग कार्य, 103 होम्योपैथिक चिकित्सालयों के उच्चीकरण तथा 25 यूनानी चिकित्सालयों के निर्माण कार्य को भी प्राथमिकता पर पूरा करने का आदेश दिया। बैठक में प्रमुख सचिव आयुष रंजन कुमार ने मंत्री को विभागीय योजनाओं और प्रगति से अवगत कराया और आश्वस्त किया कि मंत्री के निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

केसीसी कार्य में लापरवाही पर कृषि मंत्री की सख्ती, 31 जुलाई तक महाभियान चलाने के निर्देश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने मंगलवार को विधानभवन में आयोजित किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) की अद्यतन स्थिति को लेकर हुई समीक्षा बैठक में बैंकों और बीमा कंपनियों के प्रतिनिधियों को सख्त चेतावनी दी। उन्होंने केसीसी वितरण में सुस्ती पर गहरी नाराजगी जताई और स्पष्ट निर्देश दिए कि 31 जुलाई 2025 तक सभी पात्र किसानों को केसीसी उपलब्ध कराने के लिए युद्धस्तर पर विशेष महाभियान चलाया जाए। बैठक में कृषि मंत्री ने लीड बैंक समेत सभी बैंक प्रतिनिधियों से अब तक जारी किए गए केसीसी ऋणों की विस्तृत जानकारी मांगी। संतोषजनक उत्तर न मिलने पर उन्होंने अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई के निर्देश देते हुए कहा कि इस लापरवाही से किसानों का हक मारा जा रहा है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। श्री शाही ने जोर देकर कहा कि जिन किसानों को अभी तक केसीसी का लाभ नहीं मिला है, उनके लिए 31 जुलाई तक विशेष अभियान चलाकर कार्ड जारी किए जाएं। उन्होंने कहा कि अभियान की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचे, इसके लिए मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। बैठक के दौरान बीमा कंपनियों के प्रति भी मंत्री ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि बीमा कंपनियों ने अब तक तहसील स्तर पर अपने कार्यालय नहीं खोले हैं, जिससे किसानों को समय पर सहायता नहीं मिल पा रही है। उन्होंने निर्देश दिए कि हर तहसील स्तर पर बीमा कंपनियां तत्काल कार्यालय स्थापित करें और किसानों को हर संभव सहयोग दें।

कार्यालय : नगर पंचायत- शोहरतगढ़, जनपद- सिद्धार्थनगर

कोटेशन सूचना

नगर पंचायत शोहरतगढ़ मे वर्षा ऋतु के दृष्टिगत निकाय के विस्तारित क्षेत्रों में कतिपय स्थानों पर जल जमाव की स्थिति उत्पन्न होने पर ब्लीचिंग पाउडर के आपूर्ति के कार्य हेतु आपूर्तिकर्ता/सेवाप्रदाता फर्मों से दिनांक 29/07/2025 तक कोटेशन दर सील बन्द लिफाफों में आमन्त्रित किया जाता है, जो उसी दिनांक को उपस्थित कोटेशनदाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

कोटेशन की शर्तें निम्नवत हैं–

1	वे सभी व्यक्ति/ठेकेदार कोटेशन प्रस्तुत कर सकते है, जो ब्लीचिंग पाउडर के आपूर्ति का कार्य करते हो।
2	कोटेशनदाता व्यक्ति/फर्म/ठेकेदार का आयकर एवं जी.एस.टी. का पंजीकरण होना अनिवार्य होगा।
3	कोटेशन के साथ पंजीकरण (जी.एस.टी.व पैन) की छाया प्रति संलग्न करना होगा।
4	कोटेशन में दिया गया दर 31 मार्च, 2026 तक के लिए मान्य होगा। एक बार दर की स्वीकृति के उपरान्त दर में किसी प्रकार की वृद्धि स्वीकार नही किया जायेगा।
5	कोटेशनदाता को निकाय के विस्तारित क्षेत्रों में आपूर्ति करना होगा। जिसके लिए किसी प्रकार का अतिरिक्त भाड़ा, कर आदि का भुगतान अलग से नही किया जायेगा।
6	कोटेशन की स्वीकृति के उपरान्त आपूर्ति आदेश प्राप्ति से तीन दिवस के अन्दर आपूर्ति करना होगा।
7	किसी भी कोटेशन को बिना कारण बताए अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

क्रमांक	कार्या का नाम	कोटेशन में देय दर
1	ब्लीचिंग के आपूर्ति का कार्य।	प्रति ट्राली
2	ब्लीचिंग के आपूर्ति का कार्य।	प्रति ट्राली

सचिन कुमार
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत शोहरतगढ़
जनपद– सिद्धार्थनगर

उमा अग्रवाल
अध्यक्ष
नगर पंचायत शोहरतगढ़
जनपद– सिद्धार्थनगर

पत्रांक : 159(i) आ0न0पं0शो0/2025-26 | दिनांक– 14/07/2025

फागू बाबा की समाधि पर चला प्रशासन का बुलडोजर

पशुचर की जमीन पर किए गए अवैध निर्माण को प्रशासन ने हटवाया

दैनिक बुद्ध का संदेश

डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर। स्थानीय तहसील व इटवा थाना क्षेत्र के ग्राम चौखड्डा स्थित फागू बाबा के 105 वर्ष पुरानी समाधी (मजार) पर स्थानीय प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया है। मंगलवार सुबह 4 बजे प्रशासन व पुलिस की टीम ने बुलडोजर से इस मजार को ध्वस्त कराकर मलबे को उंपर में भरकर वहां से हटवा दिया। इस दौरान कोई विरोध नहीं देखा गया। हालांकि प्रशासन ने भारी संख्या में यहां पीएसी व पांच थानों की पुलिस फोर्स की व्यवस्था की थी, वहां पर किसी को आने जाने की अनुमति नहीं थी। चौखड्डा स्थित मजार का निर्माण पशुचर भूमि पर अवैध रूप से किया गया था। इसे हटाने की कार्रवाई एडीएम गौरव श्रीवास्तव और एएसपी प्रशांत कुमार की अगुवाई में की गई। यह मजार करीब एक बीघा सरकारी पशुचर(चारागाह) भूमि पर स्थित थी, जिस पर अवैध कब्जे की शिकायत भाजपा के पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने की थी। उन्होंने अपनी शिकायत में मजार पर संदिग्ध गतिविधियों और अवैध निर्माण का उल्लेख करते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने मौके की जांच कराई, जिसमें यह पुष्टि हुई कि मजार करीब 30 वर्षों से सरकारी जमीन पर अवैध रूप से बनी हुई थी। प्रशासनिक जांच में पाया गया कि उक्त भूमि राजस्व अभिलेख में पशुचर भूमि (चारागाह) के रूप में दर्ज है। अवैध कब्जे की पुष्टि के बाद

अपर जिलाधिकारी (एडीएम) गौरव श्रीवास्तव और अपर पुलिस अधीक्षक(एएसपी) प्रशांत कुमार के नेतृत्व में मंगलवार की सुबह बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए उपजिलाधिकारी डुमरियागंज राजेश कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी बृजेश शर्मा, तहसीलदार रविकुमार यादव, पीएसी और कई थानों की पुलिस फोर्स मौके पर तैनात रही। पूरे इलाके को सील कर दिया गया। मौके पर शांति व्यवस्था हेतु पूर्व में ही बीते 25 जून को ही बीएनएसएस 2023 की धारा 163 लगा दी गई थी, जो 24 अगस्त तक प्रभावी है। मौके पर मीडिया और आम नागरिकों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहा। प्रशासन की सख्ती और योजनाबद्ध रणनीति के कारण कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से पूरी हो गई। मौके पर किसी प्रकार का विरोध या झड़प नहीं हुई और कुछ ही घंटों में मजार को पूरी तरह ध्वस्त कर मलबा हटवा दिया गया। इस मामले की शुरुआत भाजपा के पूर्व विधायक राघवेंद्र सिंह की ओर से की गई शिकायत से हुई थी। उन्होंने प्रशासन को पत्र भेजकर कहा था कि चौखड्डा गांव की चारागाह भूमि पर अवैध समाधी(मजार) का निर्माण कर कुछ लोग संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त हैं। एडीएम गौरव श्रीवास्तव ने स्पष्ट रूप से कहा, सरकारी जमीन पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चाहे वह किसी भी धर्म या समुदाय से जुड़ा क्यों न हो। शासन के निर्देश पर हर अवैध निर्माण पर निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम राजेश कुमार व तहसीलदार रविकुमार यादव ने बताया कि उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 की धारा 67 के तहत ग्राम समाज की सार्वजनिक भूमि पशुचर(चारागाह) से अवैध अतिक्रमण को राजस्व टीम के साथ हटवाया गया है। जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर ने बताया कि तहसील प्रशासन द्वारा बार-बार की कार्रवाई कर सरकारी पशुचर की भूमि से अवैध अतिक्रमण तहसील व पुलिस प्रशासन द्वारा हटवाई गई है मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

नाली मरम्मत और सफाई की मांग

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार/सिद्धार्थनगर। कस्बा के ,ष्या नगर वार्ड में अतिग्रस्त नाली और नाली में गंदगी से नागरिक परेशान है। वार्ड के नागरिक तारकेश्वर पाण्डेय ने बताया कि नाली से पैदा हो रही दुर्गंध से लोगों का उठना बैठना मुहाल हुआ है। उन्होंने संबंधित जिम्मेदारों से इसकी शिकायत भी किया लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होंने प्रशासन से इस समस्या को दूर करने की मांग की है। इस संबंध में ईओ अभिनव श्रीवास्तव ने कहा की जांच कर वार्ड की समस्या दूर की जाएगी।

विपुल आनन्द श्रीवास्तव का जलशक्ति मंत्रालय में साइंटिस्ट असिस्टेंट निदेशक के पद पर चयन हुआ

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। जिले के विकास खण्ड सदर क्षेत्र के बनकटा ग्राम निवासी महर्षि श्रीवास्तव के छोटे पुत्र विपुल आनन्द श्रीवास्तव का संघ लोक सेवा आयोग के माध्यम से जलशक्ति मंत्रालय में साइंटिस्ट/ असिस्टेंट निदेशक के पद पर चयन हुआ है। चयन होने पर विपुल आनन्द श्रीवास्तव ने बताया कि माता-पिता एवं गुरू की प्रेरणा से दिन-रात अध्ययन करने के बाद यह सफलता मिलती है इसका पूरा श्रेय मेरे माता-पिता एवं गुरूजनों को जाता है जिन्होंने मुझे पढ़ाई के रास्ते पर चलना सिखाया और मंजिल पाने के लिए हौसला बढ़ाया। विपुल आनन्द के चयन पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजकिशोर सिंह, प्रेस क्लब अध्यक्ष विनोद कुमार उपाध्याय, अंशुल आनन्द, गौरव श्रीवास्तव, अमन श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, आलोक कुमार श्रीवास्तव, अमर सोनी, अनिल कुमार पाण्डेय, अजय श्रीवास्तव, राजेन्द्र उपाध्याय सहित हजारों लोगों ने बधाई दिया है।

पति पत्नी के बीच कीमत भेद को दूर कर फिर से मिलाया

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। रुधौली पुलिस अधीक्षक बस्ती अभिनंदन के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह जनपद बस्ती के

कुशल निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी रुधौली स्वर्णिमा सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना रुधौली विजय कुमारपिंक बूथ प्रभारी म0 उ0 नि0 सरोज माला परामर्शदाता सुशांत पांडेय के नेतृत्व में उपेंद्र थर दुबे टीम पिंक बूथ सर्किल रुधौली के साथ कुछ दिनों से अलग रह रहे पति-पत्नी की आपसी मतभेद को मिटाकर टूट रहे परिवार को एक जुट कराया गया। आवेदिका 1. साजिदा खातून पत्नी अनवर अली ग्राम छपिया मंझरिया थाना मुंडेरवा जनपद बस्ती 2. सुमन पत्नी रमेश ग्राम बाघा डिहा थाना रुधौली जनपद बस्ती स पिंक बूथ सर्किल रुधौली जनपद बस्ती पर आवेदिका ने आरोप लगाते हुए एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया थास कि उनके पति से काफी दिन से उनकी अनबन चल रही हैस जिस पर पति-पत्नी एवं उनके परिवार वालों को पिंक बूथ परिवार परामर्श केंद्र सर्किल रुधौली पर बुलाया गया थास काउंसलिंग किया गया काफी समझाया बुझाया गयास जिसके उपरांत दोनों पति-पत्नी एक दूसरे के साथ रहने के लिए तैयार हो गए व पति पत्नी एक दूसरे के साथ खुशी पूर्वक राजी हुएस खुशी से एक दूसरे के साथ रहने हेतु राजी हुए। जिसको पिंक बूथ/परिवार परामर्श केंद्र पर निस्तारित किया गया ।

अपर जिला जज ने कारागार में निरुद्ध बंदियों की सुनी समस्या

दैनिक बुद्ध का सन्देश

संत कबीर नगर। जनपद न्यायाधीश महेंद्र प्रसाद चौधरी के

निर्देशन में अपर जिला जज व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव देवेंद्र नाथ गोस्वामी ने जिला कारागार में बंदियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ अजय कुमार श्रीवास्तव ने समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु प्रयास करने की बात कही। जिला कारागार में निरुद्ध छोटू गिरी ने कहा कि उनके खिलाफ पुलिस द्वारा विभिन्न मामले दर्ज किए गए है। लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के प्रयास से सभी मामलों में जमानत मिल चुकी है। जमानतदार के अभाव में वह जेल से रिहा नही हो पा रहा है। उसने रिहाई के बाद जमानत बंधपत्र दाखिल करने की बात कही। एक अन्य बंदी शोभे ने कहा कि उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा के साथ अन्य मामले विचाराधीन है। अन्य मामलों में एलएडीसीएस के निःशुल्क पैरवी से जमानत मिल चुकी है। वह जुर्म स्वीकार कर जेल से छुटना चाहता है। इसी प्रकार मेहदावल थानक्षेत्र के राजेश उर्फ छोटू ने कहा कि उसके खिलाफ फर्जी नंबर प्लेट लगाने का मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। उसने भी जुर्म स्वीकार कर मुकदमा समाप्त कराने की बात कही। इसी प्रकार कई बंदियों ने अपनी समस्या रखी, जिसके निराकरण कराए जाने हेतु आश्वासन दिया गया। इस दौरान मुख्य रूप से जेल अधीक्षक कुलदीप सिंह, जेलर आर के वर्मा, डिप्टी जेलर नयन कमल सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।व

प्रशासन की कार्रवाई पर पूर्व विधायक ने सीएम योगी आदित्यनाथ व जिला प्रशासन को किया धन्यवाद ज्ञापित

दैनिक बुद्ध का संदेश

डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर। स्थानीय प्रशासन द्वारा चौखड्डा स्थित फागू बाबा की ड्योढ़ी को ध्वस्त हो जाने के उपरांत जिला परिषद मार्केट स्थित भाजपा कार्यालय पर एक प्रेस वार्ता आयोजित हुई, जिसमें पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने इस कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व स्थानीय प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में सरकारी जमीन पर अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान चल रहा है। जहां हजारों की संख्या में सीधी साधी महिलाओं को गुमराह करके मन्नत मांगने के नाम और मन्नत पूरा होने के नाम पर ठगा जाता था, हजारों हजार की संख्या में महिलाएं मन्नत मांगने जाती थी। व्यवसाय कुछ मौलवियों का

चलता था, हमें जानकारी मिली कि यह जमीन पशुचर की है, अवैध तरीके से मजार बनाई गई है, जिस पर एक सपा के विधायक व सपा के सांसद द्वारा सरकारी निधि का दुरुपयोग करके उस पशुचर के भूमि पर मजार के नाम पर पैसा दिया गया है। यह सपा का दोहरा चरित्र है, यह हिन्दुओं को अपमानित करने का काम करते हैं। प्रशासन ने बहुत अच्छा निर्णय लिया, जांच पड़ताल किया अवैध सारी गतिविधियां सही पाई गई पचासों पचास की संख्या में महिलाएं रात में वहां मन्नत के नाम पर रुकती थी। जो कि अवैध काम भी उनसे करवाया जाता था, इसी लिए मजार ध्वस्त होना बहुत जरूरी था। इसके लिए हम यहां के जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम चौखड्डा स्थित राजकीय डिग्री कॉलेज के बगल में पशुचर भूमि पर अवैध रूप से बनी एक मजार को प्रशासन ने हटवा दिया। यह जमीन जनता की थी, जिस पर कुछ लोगों ने धर्म की आड़ में कब्जा कर रखा था और भोले-भाले लोगों को दुआ-मन्नत के नाम पर गुमराह किया जा रहा था। उत्तर प्रदेश में अब अवैध मजारों, मदरसों या अन्य किसी भी प्रकार के अतिक्रमण के लिए कोई जगह नहीं है। सीएम योगी आदित्यनाथ की सरकार में कानून सबसे ऊपर है, और बुलडोजर उसी कानून का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने समाजवादी पार्टी के ऊपर प्रहार करते हुए बताया कि पहले अखिलेश यादव की सरकार में कब्रिस्तानों की दीवारों पर सरकारी बजट का पैसा खर्च होता था, गाँव-गाँव में सरकारी जमीनों पर कब्जे कर कब्रिस्तान बनाए जा रहे थे। विकास की बजाय कब्रिस्तान पहले नजर आते थे। लेकिन अब ये अराजकता नहीं चलेगी, अब जनता की जमीन पर सिर्फ जनता का अधिकार चलेगा, न कि तुष्टिकरण की राजनीति होगी। सीएम योगी के राज में उत्तर प्रदेश बदल रहा है, अब विकास, व्यवस्था और न्याय की सरकार है।

अपने बूते त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव लड़ेगी सुभासपा

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने त्रिस्तरीय पंचायत

चुनाव में सक्रिय भागीदारी के लिये प्रयास तेज कर दिया है। सुभासपा के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार राजभर ने बताया कि मंगलवार को जनपद के सभी विकास खण्डों में बैठक हुई और संगठन की मजबूती के साथ ही चुनाव में भागीदारी पर चर्चा की गई। इसी कड़ी में सर्व सम्मत से टीनानाथ ठाकुर नाई को अति पिछड़ा मोर्चा का जिलाध्यक्ष घोषित किया गया। सुभासपा जिलाध्यक्ष मनोज कुमार राजभर ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर गरीबों, पिछड़ों, वंचितों की लड़ाई लड़ रहे है। जब से उन्होंने घोषणा किया है कि पार्टी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव अपने बूते लड़ेगी कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह है। बताया कि ब्लाक स्तरीय बैठकों में उमेश कुमार, प्रवीन कुमार, सन्तोष कुमार सरगम, सूरज शर्मा, लवकुश, दिनेश कुमार ठाकुर, वीरेन्द्र कुमार, अमर बहादुर गौड़, मंजन कुमार, मुरारी कुमार शर्मा, अर्जुन राजभर, शिवराम, रामू राम उजागिर, काली प्रसाद के साथ ही 80 लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। ब्लाक स्तरीय बैठकों में मुख्य रूप से सुभासपा के प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा राम सरेश राजभर, मण्डल सलाहकार राम किशुन राजभर, मण्डल उपाध्यक्ष मुस्ताक अहमद, राजेश राजभर, लक्ष्मी देवी राजभर, तुलसीराम राजभर, चतुर्भुजी पाण्डेय, ष्ण कुमार राजभर, विजय राजभर, जगराम राजभर, केशवराम राजभर, के साथ ही अनेक नेताओं ने बस्ती सदर हर्रैया, साऊघाट, परसुरामपुर, कुदरहा के साथ ही सभी विकास खण्डों की बैठकों में हिस्सा लिया।

डीएम की अध्यक्षता में विकास खण्ड सांथा के ग्राम पंचायत अतरी नानकार में ग्राम चौपाल का किया गया आयोजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

संत कबीर नगर। जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में विकास खण्ड सांथा अन्तर्गत ग्राम पंचायत अतरी नानकार में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी द्वारा ग्राम वासियों की समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित विभाग के अधिकारी को बुलाकर मौके पर निर्देशित किया गया। आंख की समस्या, गांव में समाधान के सिद्धांत पर विभिन्न अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित योजनाओं को गांव में लागू किए जाने के के संबंध में जिलाधिकारी द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने एसडीओ विद्युत को विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु व लै योजना के प्रचार हेतु निर्देशित किया। खंड शिक्षा अधिकारी को पुस्तकों के वितरण और गुणवत्तापूर्वक भोजन बनवाने हेतु निर्देशित किया गया। एएनएम एवं आशा बहनों को टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की समय से जांच व पौष्टिक आहार वितरण हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने एएनएम एवं आशा को निर्देश दिये कि गांव में गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों का स्टिंग

टीकाकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए, गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव के लिए जागरूक किया जाए। साथ ही साथ उन्होंने गांव का जन्म मृत्यु रजिस्टर अपडेट रखने एवं रजिस्टर में दर्ज आंकड़ों का सत्यापन कराये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने आयोजित ग्राम चौपाल में जिलाधिकारी द्वारा मनरेगा के कार्यों की समीक्षा की गई व ग्राम पंचायत में उपस्थित तालाब का अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत सौंदर्यीकरण कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी मेहदावल और तहसीलदार मेहदावल को निर्धारित तरासात के प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया व भूमि विवादों का समय से गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने ग्रामवासियों से ग्रामीण स्तर पर कार्यरत कर्मचारियों जैसे-लेखपाल, आगनवाड़ी कार्यकत्री, ग्राम विकास अधिकारी, ए0एन0एम0, आशा आदि के बारे ग्रामीणों से पूछा कि उन्हें सम्बंधित विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी अथवा सुविधायें मिल रही है या नहीं। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि विद्यालयों में बच्चों का अधिक से अधिक नामांकन हेतु उनके अभिभावकों को जागरूक किया जाए, शिक्षकगण शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दे। जिलाधिकारी ने चौपाल में आयुष्मान कार्ड की स्थिति, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांगजनों को दिव्यांग पेंशन सहित अन्य मिलने वाली सुविधायें, तरासत के मामले, गांव में पट्टे की स्थिति एवं पैमाइश, बिजली की उपलब्धता, विद्युत कनेक्शन एवं बिल भुगतान की स्थिति, स्थानीय चिकित्सालय की स्थिति एवं उपचार तथा चिकित्सक की उपलब्धता, मृत में दी जाने वाली मदों को दवाओं एवं सुविधाओं की स्थिति, कन्या सुमंगलायोजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, उज्जवला योजना, ग्राम पंचायत में हैण्ड पम्पों की स्थिति, स्वंय सहायता समूहों किसान क्रेडिट कार्ड आदि के बारे में चौपाल में ग्रामीणों के सामने पूछते हुए सम्बंधित विभागीय अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने ग्रामीण स्तर पर संचालित समस्त जन कल्याणकारी योजनाओं से सम्बंधित समस्त विभाग से सम्बंधित योजनाओं में आच्छादन की प्रगति, गुणवत्ता, पात्र एवं अपात्र का सत्यापन आदि से सम्बंधित समीक्षा स्वंय करते रहे तथा समय-समय पर गाँव में भ्रमण कर ग्रामवासियों से फीड बैक भी लेते रहें। जिससे कोई पात्र पुरुष/महिला किसी भी लाभार्थीपरक योजना के लाभ से वंचित न रहे। इसी क्रम में जिलाधिकारी द्वारा जल जीवन मिशन के तहत कराहना गांव में निर्मित पानी की टंकी का स्थलीय निरीक्षण किया गया जो सोलर लाइट से चलेगा।

उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान देने हेतु सम्बंधित कार्यदायी संस्था एवं समय-समय पर सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निरीक्षण करते रहने का निर्देश दिया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक विजयंत कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी मेहदावल संजीव राय, पुलिस क्षेत्राधिकारी मेहदावल सर्व दमन सिंह, तहसीलदार मेहदावल अल्पिका वर्मा, खंड विकास अधिकारी सांथा नोडल वर्मा, ग्राम प्रधान व कोटेदार सहित सम्बंधित जनपद स्तरीय अधिकारी, क्षेत्रीय कर्मचारी एवं ग्रामवासी आदि उपस्थित रहे।

पुलिस के कस्टडी में बुजुर्ग की मौत

दैनिक बुद्ध का सन्देश

संतकबीरनगर। पुलिस की कस्टडी में बुजुर्ग की मौत से हड़ताल मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर भारी पुलिस फोर्स के साथ पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना पहुचे। बता दे की महुली थाना क्षेत्र के नगुवा के 60 वर्षीय

रामकिशन का न्यायालय से वारंट था. पुलिस सुबह 8:00 बजे उनके घर पहुची जहा उन्हें पकड़ लिया। इस दौरान घर वाले उनके बीमारी का हवाला देकर उन्हें रोकने लगे लेकिन पुलिस वारंट का हवाला देकर उन्हें पकड़कर अपने साथ ले गई। घर वालों का आरोप है की बुजुर्ग की मौत पुलिस चौकी में हुई है। पुलिस का कहना है बुजुर्ग को रास्ते में ले जाते समय अचानक तबीयत खराब हो गई उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनकी मृत्यु हो गई। परिवार के लोग शव का पोस्टमार्टम करने से मना कर रहे हैं। परिजनों का आरोप यह भी है कि सुबह रामकिशन के दूध का समय हो गया था लेकिन पुलिस वालों ने उन्हें दवा नहीं खाने दिया जबरदस्ती उन्हें अपने साथ ले गए। वही, घटना पर पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना का कहना है कि मामले की जांच कराई जा रही है दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सम्पादकीय

जिसने छात्रों में शिक्षा के प्रति रुचि जगायी और वे आसानी से सीखने लगे। उदाहरण के लिये छत्तीसगढ़ के बस्तर इलाके में जहां पचास फीसदी बच्चे हल्बी बोलते थे, वहां हिंदी में पढ़ाई करने से शिक्षण के सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आ रहे थे। इस क्षेत्र में प्रारंभिक कक्षाओं में हल्बी को हिंदी के साथ जोड़कर पढ़ाया गया...

आसानी से सीखा और बढ़ी साक्षरता

भले ही जनाधार खोते राजनेता नई शिक्षा नीति के तीन भाषा फॉर्मूले का विरोध अपनी राजनीति चमकाने के लिये कर रहे हों, लेकिन इस दिशा में किए गए नये प्रयोग आशा की नई किरण भी जगा रहे हैं। यह निर्विवाद सत्य है कि बच्चा अपनी मातृभाषा में जितनी आसानी और सहजता से सीख सकता है, उतना किसी थोपी गई भाषा में नहीं। तमाम शिक्षाविद् और भाषावैज्ञानी मानते रहे हैं कि दैनिक जीवन में उपयोग किए जाने वाले शब्दों व परिवेशगत ज्ञान विद्यार्थियों को जल्दी सीखने में मददगार हो सकता है। देश में 121 से अधिक भाषाएं बोली जाती हैं। वहीं मातृभाषाओं की संख्या सोलह से अधिक है। इतनी अधिक भाषायी विविधता वाले देश में जब बच्चे अपने आसपास जो देखते और महसूस करते हैं, वो उनकी स्मृतियों में स्थायी बस जाते हैं। जब ये बातें उनके शैक्षिक पाठ्यक्रम का हिस्सा बनती हैं, तो वे इसका आसानी से अंगीकार कर लेते हैं। कई शिक्षा आयोगों ने भी इसी बात की वकालत की है। इसी सोच के चलते देश के विभिन्न भागों में तीन भाषा फॉर्मूले को लेकर कई प्रयोग हो रहे हैं। इस रचनात्मक पहल के सकारात्मक परिणाम भी सामने आए हैं। जिसके निष्कर्ष बताते हैं कि मातृभाषा में पढ़ाई करने से बच्चों की सीखने की गति तेज हुई है। इससे साक्षरता की दर में सकारात्मक बदलाव आया है। इतना ही नहीं इससे जहां छात्र-छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ा है, वहीं उनकी कक्षा में सहभागिता भी बढ़ी है। सही मायनों में नई शिक्षा नीति में तीन भाषा फॉर्मूले का मकसद भी यही रहा है। विगत के अनुभव बताते हैं कि जब छात्र-छात्राओं को उनकी मातृभाषा से इतर अन्य भाषा में पढ़ाया जाता रहा है तो इसका असर उनकी सीखने की प्रक्रिया पर पड़ता है। ऐसे में दूर-दराज के गांव-देहात या आदिवासी इलाकों से आने वाले विद्यार्थी अन्य शहरी बच्चों का मुकाबले करने में असफल हो जाते हैं। जिससे उनके स्कूल छोड़ने के प्रतिशत में भी वृद्धि होती है।

मौजूदा स्थितियों में तीन भाषा फॉर्मूले को लेकर किए जा रहे नये प्रयोग नई उम्मीद जगा रहे हैं। लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन ने छत्तीसगढ़, झारखंड, राजस्थान और ओडिशा के 13 जिलों में बच्चों को उनकी राज्यभाषा और अंग्रेजी के साथ-साथ मातृभाषा में पढ़ाने के लिये राज्य सरकारों के साथ मिलकर बहुभाषी शिक्षा कार्यक्रम शुरू किया। इससे न केवल चयनित जिलों में बच्चों की साक्षरता दर में सुधार हुआ, बल्कि उनमें अन्य भाषा को सीखने की अभिरुचि भी बढ़ी है। एक महत्वपूर्ण प्रयोग के रूप में प्रारंभिक कक्षाओं में स्थानीय भाषा, सांस्कृतिक परंपराओं व परंपरागत ज्ञान को शामिल करने के लिये स्थानीय समुदायों की मदद भी ली गई। जिसमें स्थानीय परिवेश में उपजी लोककथाओं, स्थानीय संस्कृति आधारित कहानियां तथा कई पीढ़ियों से हासिल पारंपरिक ज्ञान को भी शामिल किया गया। बच्चों की पढ़ाई में रुचि बनी रहे, इसके लिये रचनात्मकता का सहारा भी लिया गया। जिससे मौखिक शिक्षा प्रणाली का भी उपयोग किया गया। ऐसी शिक्षण सामग्री तैयार की गई जिससे बच्चे आसानी व रुचि के साथ आसानी से सीख सकें। मसलन कविता पोस्टर, कहानी के पात्रों के चित्र, वार्तालाप दर्शाने वाले चार्ट, शब्द कार्ड, वर्ण मात्रा कार्ड तथा चित्रों के जरिये कहानी बताने वाली किताबें इसमें शामिल की गईं। जिसने छात्रों में शिक्षा के प्रति रुचि जगायी और वे आसानी से सीखने लगे। उदाहरण के लिये छत्तीसगढ़ के बस्तर इलाके में जहां पचास फीसदी बच्चे हल्बी बोलते थे, वहां हिंदी में पढ़ाई करने से शिक्षण के सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आ रहे थे। इस क्षेत्र में प्रारंभिक कक्षाओं में हल्बी को हिंदी के साथ जोड़कर पढ़ाया गया। इस शैक्षिक कार्यक्रम को क्रियान्वित करने के बाद सर्वे में यह सामने आया कि बस्तर में औसतन साक्षरता की दर में इकतीस फीसदी की संख्या ज्ञान में पच्चीस फीसदी और वर्ण-अक्षर पहचान में छब्बीस फीसदी का सुधार हुआ। इसके अलावा मौखिक पाठन में चौदह फीसदी का सुधार आया। निश्चित रूप से इस अभिनव पहल ने देश को संदेश दिया कि मातृभाषा में शिक्षण से साक्षरता व शिक्षा की गुणवत्ता में आशातीत बदलाव लाया जा सकता है।

धंधा ही असली, बाकी सब नकली

आलोक पुराणिक

अमेरिकन राष्ट्रपति इस बात पर चुने गये थे कि वह तमाम युद्धों को बंद करवा देंगे। पर हालात बदल गये हैं और अब ट्रंप ने कहा है कि वह यूक्रेन को और हथियार देंगे, यानी रूस यूक्रेन का युद्ध बंद न हो रहा है। उधर ईरान और अमेरिका दोनों एक-दूसरे को धमका रहे हैं कि खबरदार देख लूंगा। युद्ध कहीं के बंद न हो रहे। ट्रंप की कोई न सुन रहा है। पर ट्रंप अपने मतलब की बात सुन रहे हैं। युद्ध अधिक हो जाये तो हथियारों की सेल भी ज्यादा होगी, ट्रंप के लिए यह बात ज्यादा फायदेमंद है। चले हुए युद्धों में हथियार कंपनियों के मुनाफे भी रुक जाते हैं। युद्ध होता है तो हथियार कंपनियां मुनाफा खाती हैं, नेता कमीशन खाते हैं। जनता क्या खाती है, इससे बहुत ज्यादा मतलब किसी देश के नेता को न होता। पाकिस्तान में देख लें। सब कुछ महंगा हो रहा है और पाकिस्तानी सेना कह रही है कि बजट में सबसे बड़ा हिस्सा हमारा होना चाहिए। पाकिस्तानी सेना युद्ध एक न जीतती, पर पाकिस्तान के नेता सेना के आगे बजट सारा हार जाते हैं। पाकिस्तान में जनरल युद्ध हारता है, तो फील्ड मार्शल हो जाता है। डर है कि पाकिस्तान के फील्ड मार्शल आसिम मुनीर कहीं पीएम मोदी से निवेदन न कर दें कि एक हमला और कर दीजिये, फिर मैं फील्ड मार्शल से राष्ट्रपति बन जाऊंगा। पाकिस्तान की मजबूरी है इसलिए दो-दो देशों चीन और अमेरिका को बाप बनाना पड़ रहा है। पाकिस्तान की हालत उस गर्लफ्रेंड जैसी है, जिसे अपने दोनों ही ब्वॉयफ्रेंड्स से वसूली करनी है। ब्वॉयफ्रेंड भी जानते हैं कि गर्लफ्रेंड वसूलीबाज है, धंधेबाज है। पर दो रिश्ता चलाये रखते हैं। पर पाकिस्तान कंगाल देश है, उसे हथियार उधार पर चाहिए होते हैं, सो ट्रंप की दिलचस्पी पाकिस्तान को हथियार बेचने में नहीं है। उधार के ग्राहक को ज्यादा भाव नहीं मिलते। ट्रंप के पुराने कारोबारी दोस्त एलन मस्क ने अपनी राजनीतिक पार्टी बना ली है। मस्क को समझ में आ गया कि तमाम धंधों के साथ राजनीति का धंधा भी कर लेना चाहिए, चार पैसे फालतू कमा लिये जाते हैं। चार पैसे एक्स्ट्रा कमाने के चक्कर में कई बार इज्जत भी चली जाती है। अमेरिका पर अब कोई देश पूरा भरोसा नहीं करता। धंधेवाले के लिए पहली प्राथमिकता धंधा होती है। जो हथियार खरीद ले, वही दोस्त है। जो नकद टेकर खरीदे वह परम दोस्त। भारत मास से खरीदता है सॉफ्ट, अमेरिका से नहीं खरीदता। दोस्ती कैसे चले। जिस दोस्ती में चार पैसे न कमा पायें, वो दोस्ती कैसी। गहरी बात है, पर ट्रंप समझते हैं।

स्वास्थ्य उपचार में जगी नई उम्मीदें

वैज्ञानिकों की मानें तो भविष्य में यह तकनीक वैक्सीन, इमरजेंसी ड्रग्स तथा सर्जिकल उपकरणों की आपूर्ति में भी उपयोगी हो सकती है। इससे ग्रामीण व दूरगामी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना सरल हो जाएगा। आईसीएमआर तथा साझेदार संस्थाओं की यह पहल, निस्संदेह, आने वाले वर्षों में स्वास्थ्य वितरण प्रणाली में बड़ा बदलाव लाएगी। निश्चय ही, प्रत्येक क्षेत्र में नित्य नई क्रांति ला रहे ड्रोन हमारे काम करने के तरीके बदलकर असंभव को संभव...

दीपिका जरोदा

कार्यक्षेत्र के आधार पर अपेक्ष्य अनूठी क्षमताओं तथा विशेषताओं को संज्ञान में रखते हुए विशिष्ट अनुप्रयोगों तथा उद्योगों के लिए तैयार ड्रोन अपनी बहु-उपयोगिता के चलते विविध क्षेत्रों में खासी लोकप्रियता हासिल कर रहे हैं। दरअसल, ड्रोन तकनीक को उद्योग जगत में सर्वाधिक मान्यता इसकी विविधता के कारण मिली है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, संचार नेटवर्क तथा कंप्यूटिंग प्रौद्योगिकियों में प्रगति के कारण ड्रोन उद्योग तेजी से विकसित हो रहा है। हालांकि, शुरुआती दौर में इसका उपयोग सीमा नियंत्रण, टोही मिशन तथा लक्ष्य ट्रैकिंग आदि के सदेनजर बहुधा सैन्य क्षेत्र तक ही सीमित रहा किंतु जैसे ही अन्य क्षेत्रों को इसके व्यापक अनुप्रयोगों के बारे ज्ञात हुआ तो उन्होंने अविलंब ड्रोन तकनीक अपनाना आरम्भ कर दिया। सैन्य निगरानी व हमलों में प्रयुक्त किए जाने वाले रिमोट कंट्रोल अथवा स्वायत्त प्रणालियों द्वारा निर्देशित ड्रोन अब मानव रहित विमान (यूएवी) के तौर पर आधुनिक युद्ध पद्धति में पसंदीदा हथियार बनकर उभर रहे हैं। वहीं कृषि, मीडिया, फिल्म निर्माण उद्योग जैसे अन्य अनेक क्षेत्रों में भी इनका वर्चस्व बराबर बढ़ा है। कृषि क्षेत्र में ड्रोन का महत्व देखें तो महज 15 मिनट में ये लगभग 2.5 एकड़ भूमि पर कीटनाशकों का छिड़काव करने का सामर्थ्य रखते हैं। इनका उपयोग जहां कृषि गतिविधियों जैसे फसल निगरानी, भूमि मानचित्रण, कीट पहचान, कीटनाशक छिड़काव तथा सटीक सिंचाई आदि के लिए किया जाता है, वहीं इसके माध्यम से किसान अपने मवेशियों पर भी निरंतर नजर बनाए रख सकते हैं। थर्मल सेंसर तकनीक खोये जानवर खोजने से लेकर उन्हें लगी चोट या बीमारी का पता लगाने में मददगार बनती है। कृषि बीमा क्षेत्र तक कुशल व भरोसेमंद आंकड़ों के लिए एरो ड्रोन पर विश्वास जताते हैं। भारतवर्ष में ड्रोन स्टार्टअप का आधिक्य, ड्रोन-प्लांटिंग सिस्टम जहां लागत लगभग 85 प्रतिशत तक घटा देता है, वहीं स्थिरता व दक्षता अपेक्षाकृत बढ़ा देता है। पर्यावरण निगरानी गतिविधियों जैसे- वन्यजीव ट्रैकिंग, वन मानचित्रण, प्रदूषण आकलन तथा जलवायु अनुसंधान में भी ड्रोन का उपयोग तेजी से बढ़ा है। बाढ़, भूकंप, जंगल की आग आदि सहित आपदा प्रबंधन परिदृश्यों में भी ड्रोन लाइव फीड प्रदान करने पीड़ितों का पता लगाने तथा सहायता पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संरचनात्मक सुरक्षा बढ़ाने तथा बुनियादी ढांचे की निगरानी करने वाले ड्रोन मैनुअल जोखिम घटाने में भी सहायक बनते हैं।

मीडिया तथा फिल्म निर्माण में गतिशील लाइव इवेंट कवरेज तथा सिनेमाई हवाई दृष्टिकोण प्रदान करने हेतु ड्रोन व्यापक रूप से प्रयुक्त किए जाते हैं। अनेक कंपनियां अपने गोदाम से ग्राहकों के दरवाजे तक सीधी पहुंच बनाने के उद्देश्य से डिलीवरी ड्रोन विकसित कर रही हैं। हाल ही में ड्रोन की गतिशीलता के दृष्टिगत किया गया पायलट अध्ययन स्वास्थ्य उपचार की दिशा में आशा की एक नई किरण लेकर आया है। आपातकालीन चिकित्सा परिस्थितियों में रक्त एवं रक्त-घटकों का समय रहते उपलब्ध होना किसी उपचाराधीन व्यक्ति के लिए संजीवनी बन सकता है। भारतवर्ष जैसे बड़े देश की विविध क्षेत्रीय भौगोलिक विभिन्नता का जायजा लें तो सड़क मार्ग द्वारा समयानुकूल आपूर्ति होने में शंकाएं बनी रहती हैं। उछड़ती सांसों के लिए प्रतिक्षण के महत्व को भांपते हुए वैज्ञानिकों ने दिल्ली तथा एनसीआर के तीन संस्थानों लेडी हार्डिंग मेडिकल कालेज, ग्रेटर नोएडा के गवर्नमेंट इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज तथा जेपी इंस्टिट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी ने साथ मिलकर एक अध्ययन किया, जिसमें ड्रोन तकनीक का प्रयोग चुनौती के प्रभावी समाधान के रूप में उभर कर सामने आया। विशेषज्ञों के तहत दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में किए गए इस अध्ययन के दौरान ड्रोन ने लगभग 36 किलोमीटर की दूरी मात्र आठ मिनट में तय कर ली, जबकि पारंपरिक वैन को यही दूरी तय करने में 55 मिनट का समय लगा।

अध्ययन में कुल 80 ब्लड बैग्स का उपयोग किया गया, जिसमें पूर्ण रक्त, पैक्ड रेड ब्लड सेल्स, फ्रेश फ्रोजन प्लाज्मा तथा प्लेटलेट्स शामिल थे। ड्रोन व वैन दोनों द्वारा भेजे गए इन नमूनों की बाद में उनके जैव-रासायनिक मानकों की तुलना करने पर परिणाम सकारात्मक ही रहे। अध्ययन की निष्पक्षता एवं विश्वसनीयता बनाए रखने हेतु नमूनों की गुणवत्ता जांचने के लिए डबल ब्लाइंड पद्धति अपनाई गई। वैज्ञानिकों की मानें तो भविष्य में यह तकनीक वैक्सीन, इमरजेंसी ड्रग्स तथा सर्जिकल उपकरणों की आपूर्ति में भी उपयोगी हो सकती है। इससे ग्रामीण व दूरगामी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना सरल हो जाएगा। आईसीएमआर तथा साझेदार संस्थाओं की यह पहल, निस्संदेह, आने वाले वर्षों में स्वास्थ्य वितरण प्रणाली में बड़ा बदलाव लाएगी। निश्चय ही, प्रत्येक क्षेत्र में नित्य नई क्रांति ला रहे ड्रोन हमारे काम करने के तरीके बदलकर असंभव को संभव बना रहे हैं।

आगे शृंखला क्या आकार लेगी, इसके बारे निश्चित तौर पर कुछ नहीं कहा जा सकता। लेकिन इतना तय है शुभमन मृदुभाषी किंतु दृढ़ है, अनिश्चितता बेशक हो, किंतु आत्मविश्वास से लबरेज, अपनी टीम के साथियों पर नियंत्रण भी रखता है लेकिन साथ ही उनको उचित दायरा और सम्मान भी प्रदान करता है। स्थाई मुस्कुराहट वाले शुभमन का यह गुण अब जाकर उजागर हुआ है...

शुभमन के उभार से भारतीय क्रिकेट में शुभ संकेत

प्रदीप मैगजीन

जब जीत की खुशी से ज्यादा हार का डर बन जाए, तो मानस पर संदेह की पर्त चढ़ जाती है। सफलता की राह में बाधाएं खड़ी करने वाले इस स्व-निर्मित भय को मिटाने के लिए असाधारण प्रयासों की जरूरत पड़ती है। जब सफलता और स्टारडम की एक समान चाहत रखने वाली भारतीय टीम का कप्तान शुभमन गिल को नियुक्त किया गया, तो पूरा भारत आशंकित था। एक ऐसे समाज के लिए जिसे शून्यता में रहने से डर लगता है, यह शून्यता जो दैवीय प्रकाश पुंज के न रहने से बनती है, ऐसे में बेचैन बने अपने अस्तित्व को कुछ नायनों और सार देने के लिए एक देवदूत की बेतरह आकांक्षा करता है। भारत के क्रिकेट प्रेमी कल्पना भी नहीं कर सकते थे कि विराट कोहली और रोहित शर्मा के बिना उनकी दुनिया कैसी दिखेगी। उनका परम प्रिय कोहली दूर चला गया था, जिसने सालों तक एक राजा या मालिक की सरह सल्तनत पर बादशाहत की। हमारे समय की सबसे प्रभावशाली क्रिकेट शख्सियत, जिसकी प्रशंसक पूजा करते हैं और टेलीविजन चैनलों का सबसे प्रिय।

उसने इंग्लैंड में अपने साथियों के साथ टेस्ट मैच में जूझने की बजाय विंबलडन में टैनिस मैच देखना पसंद किया। क्या पता, टेस्ट रन औसत सूची में नीचे फिसलने का डर और लोगों की अपेक्षाओं का बोझ रन बनाने और सैकड़ा मारने से मिलने वाली खुशी पर हावी हो गया हो। रोहित शर्मा सितारों वाली नखरेबाजी से रहित दूर आम लड़के की छवि वाला, पर जिसने क्रिकेट में बहुत ऊंचा मुकाम हासिल किया। उसे यह अहसास करने में थोड़ा वक्त लगा कि उसका वक्त चुक गया है आखिरकार, इंग्लैंड दौरे के लिए टीम चयन से एक दिन पहले उसने भी टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी। ऐसे में किसी वरिष्ठ मार्गदर्शक की गैरमौजूदगी में इंग्लैंड के कठिन और चुनौतीपूर्ण दौरे पर भारतीय टीम दिशाहीन स्थिति में पहुंच सकती थी। घर में और विदेशों में भारतीय टीम को मिले शृंखलाबद्ध हार की पृष्ठभूमि में यह आशंका निराधार नहीं थी। मात्र ने लीड्स के मैदान में सकारात्मक मानसिकता के साथ पहले टेस्ट मैच में कदम रखा, जो टीम चयन में परिलक्षित हो रहा था। जो आदमी अब सब फैसले लेने और टीम नियंत्रक प्राधिकारी के तौर पर पीछे बचा, वह था विशालकाय कोच गौतम गंभीर। उसकी इस निर्विवाद शक्ति के पीछे ज्यादा बड़ा कारक है सत्तारूढ़ पार्टी का पूर्व सांसद होना बजाय इसके कि बतौर क्रिकेटर उसकी सम्मानजनक साख रही है या राजनीति या मानव-प्रबंधन कौशल की अच्छी समझ है हालांकि कोलकाता नाइट राइडर्स के टीम-कोच के रूप में आईपीएल में यह काफी सफल रहा। फुटबॉल के विपरीत, क्रिकेट में टीम का चेहरा इसका कप्तान होता है न कि कोच या मैनेजर। एक ऐसे खेल में, जो पांच दिन चलता है और मैदान में लिए जाने वाले फैसलों को दूर से बैठकर प्रेषित करना मुश्किल है, कप्तानी का काम कोच के आदेशों से नहीं चल सकता। इन जिम्मेदारियों का भार संभालने और विभिन्न क्षमताओं एवं स्वभावों वाले शेष दस साथी खिलाड़ियों को संभालने एवं अगुवाई करने का बोझ पाकिस्तान की सीमा से लगे पंजाब के एक छोटे से गांव के एक युवा के कंधों पर आन पड़ा। ग्रामीण पंजाब का एक लड़का, जिसके कृषक पिता ने खेती के साथ-साथ बेटे को पेशेवर क्रिकेटर बनाने में मेहनत की। शुभमन एक रूढ़िवादी आक्रामक आरोगी व बिना सोचे-समझे काम करने वाले चरित्र जैसा नहीं है। भारतीय क्रिकेट जगत में उत्तर भारतीय बनाम शेष भारतीय विभाजन को लेकर खूब कहानियां रही हैं कि एक पक्ष में बुद्धिमत्ता का अभाव है तो दूसरा पक्ष अक्खड़ता से परिपूर्ण है। धारणा की इस लड़ाई में यह बहुत कम नायक रखता है कि अत्यंत शालीन, अपने हुनर में लगभग लयात्मक गेंद फेंकने वाले गेंदबाजों में एक रहे बिशन सिंह बेदी अमृतसर से एक सिख थे। चंडीगढ़ के लड़के युवराज सिंह की ताकत बाएं हाथ की शानदार और धमाकेदार बल्लेबाजी की धार से थी। शालीनता भरे व्यक्तित्व के खिलाड़ियों के इस क्रम में शुभमन गिल का स्थान तीसरा है। बेहतरीन हुनरमंद जो टी-20 क्रिकेट के इस काल में भी बदस्तूर स्ट्रोक खेलने से परहेज करता है। मुक्त प्रवाह वाले उसके द्वादश शॉट्स जीआर्ट, शॉर्ट-आर्म पुल और गेंदबाज का मनोबल डिगाने के लिए क्रीज का इस्तेमाल करते हुए पिच की दूरी को छोटा या लंबा करने की समझ, एक सबक है कि कैसे बल्लेबाजी के जटिल कौशल में महारत हासिल की जाए। इन में से बहुतों को लगता था उसमें एक खामी है-बॉलिंग लाइन से हटकर खेलने की हड़बड़ी-जोकि इंग्लैंड के मौसम में तेज अथवा फिरकी पिचों पर घातक साबित हो सकती है। स्पष्ट रूप से उसे अपनी इस कमी का भान हो गया था, उसने बहुत अभ्यास कर इस पर काबू पा लिया और एक बार भी पुरानी गलती नहीं दोहराई। रिकॉर्डतोड़ रनों का अंबार पाकर गिल ने खुद को उस सर्वोच्च शिल्पकार के रूप में दर्शा दिया है जिसकी उत्कृष्टतम स्तर की पेशकारी के पीछे की गई कड़ी मेहनत छिपी रही है। जिम्मेदारी का भारी बोझ उसके कंधों पर आकर हल्का प्रतीत हो रहा है। लीड्स टेस्ट मैच लगभग उसका रहा, जब अपने खेल से भारत को हारी रखा, हालांकि समाप्ति हार में हुई। यह झटका मजबूत से मजबूत खिलाड़ी को डांवाडोल कर सकता था और कप्तान को तो अपनी अगली योजनाओं के रणनीतिक कार्यान्वयन मेजोर भी अधिक असुरक्षित बना देता। लेकिन, दूसरे टेस्ट मैच में मिली जीत ने दर्शा दिया कि टीम सही रास्ते पर थी और इसने अपने आलोचकों से ज्यादा अच्छी तरह इस बात का बोल समझ लिया कि चैंपता में विवेक का बड़ा हाथ होता है।

ऋषभ पंत की चोट पर कप्तान शुभमन गिल ने दिया अपडेट, मैनचेस्टर टेस्ट में खेलने को लेकर किया खुलासा

टीम इंडिया कप्तान शुभमन गिल ने उपकप्तान ऋषभ पंत की चोट पर अपडेट दिया है। ऋषभ पंत को लॉर्ड्स टेस्ट के पहले दिन विकेटकीपिंग करते समय चोट लग गई थी। जिस कारण वह विकेटकीपिंग नहीं कर पाए थे। पंत के विकेटकीपिंग नहीं कर पाने के कारण से ध्रुव जुरेल ने बाकी बचे मैच में विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाली थी।

मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि, ऋषभ पंत को अंगुली में लगी चोट ज्यादा गंभीर नहीं है। शुभमन गिल ने बताया कि, ऋषभ स्कैन के लिए गए हैं। कोई बड़ी चोट नहीं है, इसलिए मैनचेस्टर में चौथे टेस्ट तक वह ठीक हो जाएंगे। चौथा टेस्ट मैच 23 से 27 जुलाई तक मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर खेला जाना है। लॉर्ड्स में इंग्लैंड की पहली पारी के दौरान जसप्रीत बुमराह की गेंद को पकड़ने की कोशिश करने के दौरान पंत के बाएं हाथ की तर्जनी अंगुली में चोट लग गई थी।

पंत ने तीसरे टेस्ट के पहले दिन दूसरे सत्र के दौरान पारी के 34वें ओवर से जसप्रीत बुमराह की लेग साइड में की गेंद को रोकने के लिए अपनी बाईं ओर से डाइव लगाई थी। इसके बाद वह दर्द से कराह रहे थे। ऋषभ पंत गेंद पर अपना हाथ रखने में कामयाब रहे, लेकिन इसे पूरी तरह से रोक नहीं पाए। इसके बाद खेल कुछ देर के लिए रुका रहा। भारतीय सहयोगी स्टाफ ने पंत के हाथ का इलाज करवाया, लेकिन जब खेल दोबारा शुरू हुआ तो विकेटकीपर ने अपने हाथ उपका दिए। बुमराह का ओवर खत्म होने के बाद पंत मैदान से बाहर चले गए। बाद में बीसीसीआई की ओर से कहा गया कि, पंत की बाईं तर्जनी अंगुली में चोट लग गई है। वह फिलहाल मेडिकल टीम की निगरानी में इलाज करा रहे हैं। ऋषभ पंत की अनुपस्थिति में ध्रुव जुरेल विकेटकीपिंग कर रहे हैं।

क्रिकेटर यश दयाल को बड़ी राहत, कोर्ट ने यौन शोषण मामले में गिरफ्तारी पर रोक लगाई

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के तेज गेंदबाज यश दयाल को मंगलवार को बड़ी राहत मिली जब इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक महिला का पांच साल तक कथित तौर पर शोषण करने के आरोप में दर्ज प्राथमिकी के संबंध में उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी। यश के खिलाफ 8 जुलाई को गाजियाबाद के इंदिरापुरम पुलिस स्टेशन में बीएनएस की धारा 69 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जो धोखे से यौन संबंध बनाने से संबंधित है।

न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा और न्यायमूर्ति अनिल कुमार की पीठ ने यश को अगली सुनवाई तक राहत प्रदान की। यश के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज होने के बाद, उन्होंने अपनी गिरफ्तारी पर रोक लगाने के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय का रुख किया। यश की गिरफ्तारी पर रोक लगाते हुए पीठ ने महिला से कहा, आपको एक दिन, दो दिन, तीन दिन तक बेवकूफ बनाया जा सकता था.. लेकिन पाँच साल... आप पाँच साल के लिए रिश्ते में हैं.. किसी को पाँच साल तक बेवकूफ नहीं बनाया जा सकता।

यश पर शादी का झांसा देकर महिला का शोषण करने का आरोप है। शिकायतकर्ता के अनुसार, दोनों की मुलाकात लगभग पाँच साल पहले हुई थी और उसने उससे शादी का वादा किया था।

महिला ने दावा किया है कि यश उसके शादी के प्रस्ताव को टालता रहा और बाद में उसे पता चला कि उसके अन्य महिलाओं के साथ भी संबंध हैं। यश की ओर से गोपाल स्वरूप चतुर्वेदी, गौरव त्रिपाठी और रघुवंश मिश्रा की सहायता से पेश हुए। आरसीबी के इस स्टार तेज गेंदबाज ने प्रयागराज पुलिस से भी शिकायत की और महिला के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की।

ओलंपिक खेलों का शेड्यूल आया सामने, भारत के सभी मुकाबलों से जुड़ी तारीख और वेन्यू की पूरी जानकारी

तीन साल बाद लॉस एंजिलिस में होने वाले ओलंपिक 2028 का शेड्यूल सामने आ गया है। ओलंपिक 2028 का आगाज 14 जुलाई को होगा और इसका समापन 30 जुलाई को होगा। आधिकारिक तौर पर ओलंपिक 14 जुलाई से 30 जुलाई 2028 तक आयोजित होने हैं। लेकिन क्रिकेट इसके कुछ दिन पहले ही शुरू हो जाएगा। क्रिकेट के इवेंट 12 जुलाई से शुरू होकर 29 जुलाई तक खेले जाएंगे।

वहीं 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में भारत के इवेंट के शेड्यूल की बात करें जिसे मेडल जीतने की सबसे ज्यादा संभावना है तो क्रिकेट 12 से 29 जुलाई में खेला जाएगा। इसके बाद रेसलिंग, शूटिंग, एथलेटिक्स, हॉकी, बैडमिंटन की शुरुआत होगी।

क्रिकेट (12– 29 जुलाई)– 1900 के बाद पहली बार ओलंपिक में वापसी करने वाले क्रिकेट में भारत के पास मेडल जीतने का सबसे बड़ा मौका है। 6 टीमों वाला ये टूर्नामेंट 12 से 20 जुलाई तक फ्लेयरग्राउंड्स क्रिकेट स्टेडियम में महिला वर्ग में खेला जाएगा। पुरुष टीम अपना पहला मैच 22 जुलाई को खेलेगी। जबकि मेडल इवेंट्स मैच 29 जुलाई को होंगे।

कुश्ती (24–30 जुलाई)– 2008 के ओलंपिक खेलों के बाद से कुश्ती ने भारत के ओलंपिक मेडल में सबसे ज्यादा योगदान दिया है। इसका आयोजन 24 से 30 जुलाई तक लॉस एंजिलस कन्वेंशन सेंटर हॉल 2 में आयोजित होगा।

शूटिंग (15–25 जुलाई)– पेरिस ओलंपिक में भारत के 6 मेडल में से तीन शूटिंग में जीते थे। ये इवेंट पहले दिन से ही शुरू होकर लॉन्ग बीच टारगेट शूटिंग हॉल में 25 जुलाई तक चलेंगे।

एथलेटिक्स (15–30 जुलाई)– लॉस एंजिलिस में एक बार फिर नीरज गोल्ड के इरादे से उतरेंगे। टोक्यो ओलंपिक चैंपियन और पेरिस ओलंपिक के सिल्वर मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा के लिए दूसरा ओलंपिक गोल्ड जीतने का बेहतरीन मौका है। एथलेटिक्स इवेंट 15– 24 जुलाई तक कोलिजीयम में आयोजित होंगे।

हॉकी (12–29 जुलाई)– भारत ने ओलंपिक इतिहास में हॉकी में सबसे ज्यादा आठ गोल्ड मेडल जीते हैं। लॉस एंजलिस खेलों में हॉकी के इवेंट 12 से 29 जुलाई के बीच कार्सन फील्ड पर खेले जाएंगे।

बैडमिंटन (15–24 जुलाई)– गैलेन सेंटर में होने वाले इस आयोजन में भारत के कई बड़े नाम शामिल होंगे। बैडमिंटन में सायना नेहवाल, पीवी सिंधु भारत को मेडल दिला चुकी हैं।

वेटलिफ्टिंग (24–29 जुलाई)– वेटलिफ्टिंग के इवेंट पीकॉक थियेटर में 24 से 29 जुलाई के बीच होंगे। मीराबाई चानू ने टोक्यो ओलंपिक में इस इवेंट में सिल्वर मेडल जीता था। बॉक्सिंग (15–30 जुलाई)– बॉक्सिंग के इवेंट 15 से 30 जुलाई के बीच होंगे। इस इवेंट में मेडल मैच 27 से 30 जुलाई के बीच खेले जाएंगे।

वहीं आर्चरी के इवेंट 15 से 25 जुलाई, गोल्फ 19 से 29 जुलाई, जूडो 15 से 22 जुलाई, रोइंग 15 से 22 जुलाई, स्वदेश के 15 से 24 जुलाई, स्विमिंग के इवेंट 22 से 30 जुलाई, टेबल टेनिस 15 से 29 जुलाई, टेनिस के इवेंट 19 से 28 जुलाई के बीच आयोजित होंगे। ओपनिंग और क्लोजिंग सेरेमनी– लॉस एंजिलिस 2028 खेलों की ओपनिंग सेरेमनी 14 जुलाई 2028 को ईस्टर्न टाइम के अनुसार शाम 8 बजे होगी। जबकि क्लोजिंग सेरेमनी का आयोजन 30 जुलाई को किया जाएगा।

लॉस एंजिलिस ओलंपिक में इस दिन शुरू होगा क्रिकेट, सामने आई तारीख, जानें पूरी डिटेल

लॉस एंजिलिस में 2028 में खेले जाएंगे, जबकि 14 और 21 होने वाले ओलंपिक में क्रिकेट की 128 साल बाद वापसी होगी। इस बहुप्रतीक्षित वापसी का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब होने वाले मैचों की तारीख को लेकर जानकारी सामने आई है। दरअसल, क्रिकेट के मुकाबले लॉस एंजिलस से लगभग 50 किलोमीटर दूर पोमोना शहर के फेयरग्राउंड्स स्टेडियम में 12 जुलाई, 2028 से खेले जाएंगे। इसके पदक मैच 20 और 29 जुलाई, 2028 को होंगे। प्रतियोगिता के कार्यक्रम के मुताबिक, अधिकतर दिन दो मैच जुलाई को कोई मैच नहीं होगा। बता दें कि, पिछले साल अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने क्रिकेट, बेसबॉल, फ्लैग फुटबॉल, लैक्रोस और स्क्वॉश को 2028 ओलंपिक खेलों में शामिल करने की मंजूरी दी थी।

पिछली बार क्रिकेट साल 1900 में पेरिस ओलंपिक का हिस्सा था। उस दौरान ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस के बीच दो दिवसीय मुकाबला खेला गया था। अब इसे अनाधिकारिक टेस्ट के रूप में गिना जाता है। हालांकि, लॉस एंजिलिस ओलंपिक में 6 टीमें टी20 फॉर्मेट में खेलती दिखेंगी। इतना ही नहीं आयोजकों ने एक टीम में अधिकतम खिलाड़ियों की संख्या भी तय की है। आयोजकों ने कहा है कि एक टीम में 15 खिलाड़ी होंगे। पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में अधिकतम 90 खिलाड़ियों का कोटा तय किया गया है। इसका मतलब है कि, अधिकतम 90 खिलाड़ी होंगे। पुरुष और महिला वर्ग में कुल 6–6 टीमें और 180 खिलाड़ी ओलंपिक में क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट टी20 में भाग लेंगे।

आईसीसी के फिलहाल 12 नियमित और 94 सहयोगी सदस्य हैं। नियमित सदस्यों में अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, भारत, आयरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे की टीमें हैं। हालांकि, 2028 ओलंपिक के लिए क्वालिफिकेशन प्रक्रिया के बारे में अब तक कोई जानकारी नहीं है। इसमें अमेरिका का खेलना तय माना जा रहा है, क्योंकि उन्हें मेजबान कोटे का फायदा मिलेगा। इसका मतलब है कि अमेरिका के अलावा पांच और टीमें हिस्सा ले सकेंगी। और उन्हें क्वालिफिकेशन प्रतिक्रिया से गुजरना होगा।

हाथ मलता रह गया चीन, भारत ने सऊदी के साथ साइन कर ली बड़ी डील

भारत ने एक बार फिर से अपना कूटनीतिक जलवा दिखाया है। भारत ने सऊदी अरब के साथ ऐसी डील की दी कि चीन हाथ मलता रह गया। 3.1 मिलियन टन डीएपी फर्टिलाइजर की डील, हेल्थ फार्मा सेक्टर में गहराता रिश्ता और रणनीति का नया अध्याय। 11 से 13 जुलाई तक केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने सऊदी अरब के दमाम और रियाद का दौरा किया। इस यात्रा में उन्होंने सिर्फ हाथ नहीं मिलाए, बल्कि भारत की खाद्य सुरक्षा को पक्का किया। भारत के प्रतिनिधिमंडल में फर्टिलाइजर विभाग के सचिव और विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल थे। उनकी एक ही प्राथमिकता डीएपी और यूरिया जैसी उर्वरकों की लॉन्ग टर्म सप्लाई थी। इसके साथ ही एक ऐसा ऐतिहासिक समझौता भी दोनों देशों ने किया, जिसने चीन और पाकिस्तान जैसे देशों की नींद उड़ा दी है।

भारतीय उर्वरक कंपनियों आईपीएल, कृभको और सीआईएल ने सऊदी अरब की खनन कंपनी माडेन के साथ इस दिल वर्ष से पांच वर्षों के लिए प्रति वर्ष 3.1 मिलियन मीट्रिक टन डीएपी उर्वरक की आपूर्ति के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं जिसमें आपसी सहमति से पांच वर्ष के विस्तार का प्रावधान भी है। इस समझौते पर रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा की उपस्थिति में हस्ताक्षर किये गये। भारतीय अधिकारियों ने कहा कि यह महत्वपूर्ण डीएपी उर्वरक की उपलब्धता में उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है, जिससे मध्यम से दीर्घावधि में खाद्य सुरक्षा का लक्ष्य सुनिश्चित होता है। चीन उन देशों में से एक है जिन पर भारत डीएपी आपूर्ति के लिए निर्भर रहा है, और सरकार यूरिया के बाद भारत में सबसे अधिक इस्तेमाल होने वाले उर्वरक के लिए इस देश पर अपनी निर्भरता कम करना चाहती है।

चीन का नाम लिए बिना, एक सूत्र ने कहा कि ऐसे समय में जब कुछ देश उर्वरक आपूर्ति में प्रतिबंधात्मक रुख अपना रहे हैं, रियाद की प्रतिबद्धता दर्शाती है कि भारत के मित्र और साझेदार आवश्यकताओं को पूरा करने और भविष्य के निवेशों पर सहयोग करने के लिए मिलकर काम करना जारी रखेंगे। भारतीय अधिकारियों ने कहा कि नड्डा की यात्रा ने अप्रैल में प्रधानमंत्री मोदी की जेद्दा की राजकीय यात्रा के बाद सऊदी अरब के साथ विस्तारित रणनीतिक साझेदारी को और गति प्रदान की है। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों के दायरे को व्यापक बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया, ताकि इसमें डीएपी के साथ यूरिया जैसे अन्य प्रमुख उर्वरकों को भी शामिल किया जा सके, जिसका उद्देश्य भारत की उर्वरक सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

पाकिस्तान के पूर्व कमांडो सुलेमान ने बैसरन में खेला खूनी खेल, हो गया सबसे बड़ा खुलासा, शहबाज और मुनीर...

जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुआ आतंकवादी हमला पाकिस्तान

की आईएसआई और आतंकवादी समूह लश्कर–ए–तैयबा (एलईटी) द्वारा देश के राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व के निर्देश पर एक सुनियोजित साजिश थी। टाइम्स ऑफ इंडिया ने सुरक्षा सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कहा है कि इंटर–सर्विसेज इंटेलिजेंस ने पाकिस्तान स्थित लश्कर कमांडर साजिद जट्ट को केवल विदेशी आतंकवादियों को तैनात करने और पूर्ण गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए विशेष निर्देश दिए थे, किसी भी कश्मीरी आतंकवादी को शामिल नहीं किया गया। अखबार के अनुसार, उन्होंने यह भी कहा कि कुछ समय से जम्मू–कश्मीर में सक्रिय लश्कर–ए–तैयबा के विदेशी आतंकवादियों को हत्याओं को अंजाम देने के लिए कहा गया था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने टाइम्स ऑफ इंडिया को बताया कि किसी स्थानीय आतंकवादी ने इस जघन्य हत्या में भाग नहीं लिया था और न ही उन्हें आतंकी साजिश की सटीक जानकारी थी। प्रतिबंधित लश्कर–ए–तैयबा संगठन के एक छद्म समूह, द रेजिस्टेंस फ्रंट ने पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ली है। भारतीय एजेंसियों का कहना है कि यह समूह अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों से बचने के लिए पाकिस्तान द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला एक मुखौटा है। अधिकारियों ने संदिग्ध हमलावरों की पहचान हाशिम मूसा और अली भाई के रूप में की गई है। दोनों पाकिस्तानी नागरिक हैं और स्थानीय कार्यकर्ता आदिल हुसैन थोकर के रूप में की है।

दो अन्य स्थानीय लोगों परवेज अहमद जोथर और बशीर अहमद जोथर – को आतंकवादियों को कथित तौर पर शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इस हमले की जाँच कर रही राष्ट्रीय जाँच एजेंसी ने कहा कि परवेज और बशीर तीनों बंदूकधारियों के आतंकवादी संगठनों से जुड़ाव के बारे में जानते थे और इसके बावजूद, उन्होंने 22 अप्रैल के हमले से पहले के दिनों में उन्हें आश्रय, भोजन और रसद सहायता प्रदान की।

1 महीने से गायब थे जिनपिंग, होने वाला था तख्तापलट? जयशंकर ने चीन पहुंचकर पूरा माहौल ही बदल दिया

बीजिंग से आई एक तस्वीर पूरी दुनिया में इस वक्त चर्चा का विषय बनी हुई है। इसकी दो वजहें हैं। पहली वजह ये है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की है। दूसरी वजह ये है कि एक महीने दुनिया की नजरों से दूर रहने और बगावत की खबरों के बीच शी जिनपिंग पहली बार नजर आए हैं। ऐसे में एस जयशंकर से शी जिनपिंग की मुलाकात की तस्वीर अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शी जिनपिंग से हाथ मिलाया। लेकिन जिनपिंग से हाथ मिला रहे विदेश मंत्री जयशंकर के हाथ का वजन इस बार कुछ ज्यादा था। जयशंकर और जिनपिंग की मुलाकात से पहले भारत ने चीन के लिए कुछ रिटर्न गिफ्ट तैयार कर रखे थे।

भारत और चीन के बीच चल रही अघोषित कोल्ड वॉर के बीच विदेश मंत्रियों की एससीओ बैठक में हिस्सा लेने के लिए एस जयशंकर चीन पहुंचे थे। यही नहीं है कि उनके खिलाफ चल पर एस जयशंकर की मुलाकात चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से हुई। जिनपिंग पिछले एक महीने से दुनिया की नजरों से गायब थे। उन्हें किसी ने नहीं देखा था। खबरें थी कि उनके तख्तापलट की तैयारी चल रही है। लेकिन अचानक जिनपिंग सामने आए और एस जयशंकर से हाथ मिलाया। कुछ एक्सपर्ट्स का मानना है कि जिनपिंग जयशंकर से मिले और दुनिया के सामने आए उसका ये कतई मतलब नहीं बगावत खत्म हो गई है। हो सकता है कि खबरों को दबाने के लिए ही जिनपिंग को सामने लाया गया हो। चीन में कुछ भी हो सकता है।

बहरहाल, जिनपिंग का क्या होगा ये तो वक्त के साथ पता चल जाएगा। लेकिन एस जयशंकर और जिनपिंग की मुलाकात से पहले एक बड़ा खेल हो गया। चीन ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के खिलाफ बहुत बड़ा षड्यंत्र रचा था। चीन पाकिस्तान को जितनी भी मदद दे सकता था वो दे दी। मगर भारत भी इस बार पूरी तैयारी के साथ चीन पहुंचा। जयशंकर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि उन्होंने राष्ट्रपति शी को भारत–चीन द्विपक्षीय संबंधों में हाल में हुई प्रगति के बारे में अवगत कराया। विदेश मंत्री एससीओ के एक सम्मेलन में भाग लेने के लिए सोमवार को दो दिवसीय यात्रा पर चीन पहुंचे। जून 2020 में गलवान घाटी में हुई सैन्य झड़पों के बाद द्विपक्षीय संबंधों में तनाव पैदा हो गया था जिसके बाद जयशंकर की यह पहली चीन यात्रा है। जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि आज सुबह बीजिंग में राष्ट्रपति शी चिनफिंग और एससीओ के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि उन्हें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं दीं। विदेश मंत्री ने कहा कि दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में हाल में हुई प्रगति से राष्ट्रपति शी को अवगत कराया। हम इस संबंध में हमारे नेताओं के मार्गदर्शन को महत्व देते हैं।

12 कंपनियों ने लिया साक्षात्कार, 387 चयनित

देवरिया। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन अन्तर्गत जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई की ओर से राजकीय आईटीआई परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने किया। रोजगार मेले में कुल 12 कंपनियों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। साक्षात्कार प्रक्रिया में कुल 1032 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से 387 अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न पदों के लिए किया गया। इस अवसर पर सीडीओ प्रत्युष पांडेय, जिला समन्वयक उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन कृष्ण कुमार राम आदि मौजूद रहे।

33 केवी मेन लाइन फिर ठप, 450 गांवों की 16 घंटे तक बिजली रही गुल

देवरिया। कुशीनगर जिले के कसया पावर हाउस की 33 केवी मेन लाइन रात करीब 11:30 फिर से ब्रेकडाउन हो गई। इससे तरकुलवा व बघौचघाट बिजली घरों से जुड़े नगर समेत 450 गांवों की आपूर्ति 16 घंटे तक ठप रही। लोगों को छत पर टहल कर रात गुजारनी पड़ी। उमस भरी गर्मी में बच्चे बिलबिला उठे। महिलाओं और बुजुर्गों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बिजलीकर्मियों ने खराबी को दुरुस्त कर दोपहर करीब 2:30 बजे आपूर्ति चालू की, तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। 33/11 केवी तरकुलवा व बघौचघाट बिजली घरों को कुशीनगर जिले के कसया पावर हाउस से बिजली मिलती है। इससे इन उपकेंद्रों के तरकुलवा और पथरदेवा नगर पंचायत क्षेत्र सहित तरकुलवा, गड़रानपुर, कंचनपुर, पथरदेवा, मलसी, बघौचघाट मंडीना बाजार, केदौं जीराहा सहित दर्जनों छोटे-बड़े कस्बों व लगभग 450 गांवों को बिजली आपूर्ति की जाती है। दोपहर में कसया सब-डिवीजन की मेन लाइन का केबल अचानक ब्लास्ट हो गया। इससे दोनों उपकेंद्रों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। काफी मशक्कत के बाद बिजलीकर्मियों ने केबल बदल कर रात 9:30 बजे आपूर्ति बहाल की। दो घंटे बाद ही रात 11:30 बजे के करीब फिर से मेन सप्लाई में ब्रेकडाउन हो गया। इससे पुन: समूचे इलाके की आपूर्ति दोबारा ठप हो गई। जेई लवलेश सिंह ने बताया कि मेन लाइन में फॉल्ट था। दुरुस्त कर दिया गया है। मेन सप्लाई कटी है, सप्लाई चालू होते ही आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

दो बाइकों की टक्कर, दो लोग घायल

देवरिया। क्षेत्र के बड़हरा हरदो के पास दोपहर में दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। दोनों बाइक सवार घायल हो गए। बड़हलगंज निवासी अरविंद कुमार किसी काम से बिहार के सिवान जा रहे थे। बड़हरा हरदो के पास सामने से आ रहे एक बाइक सवार से टक्कर हो गई। दोनों बाइक सवारों को आसपास के लोग एक निजी चिकित्सक के यहां ले गए।

अघोषित बिजली कटौती से परेशान लोगों ने किया प्रदर्शन

देवरिया। ओवरलोड ट्रिपिंग की समस्या से परेशान उपभोक्ताओं ने फरियाबड़ीह उपकेंद्र पर सोनू शुक्ला के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। कर्मचारियों पर कॉल्ट दुरुस्त करने में मनमानी करने का आरोप लगाया। जिम्मेदारों ने उपभोक्ताओं को शांत कराकर खराबी को दुरुस्त करने की बात कही। शाम बारिश के बाद फरियाबड़ीह से जुड़े पिंडी आदर्श नगर मिश्रापुर सहित 20 से अधिक गांवों की बिजली बाधित हो गई। कुछ देर बाद बिजली आपूर्ति चालू करने की कोशिश कर्मियों ने की, मगर आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। कुछ देर बाद आपूर्ति चालू हुई तो अँधेर लोड डोकर ट्रिप करने लगा। इस दौरान गुलशन पाठक, सन्नू त्रिपाठी,समसिर, पंकज आदि मौजूद रहे।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पर दर्ज केस के विरोध में कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

देवरिया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय पर वाराणसी के सिगरा थाने में दर्ज केस के विरोध में कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। कार्यकर्ताओं ने तहसील में प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन सदर के नायब तहसीलदार गंगाराम को सौंपा। साथ ही केस वापस लेने की मांग की। इससे पहले शहर के टाउन हॉल परिसर स्थित कांग्रेस कार्यालय पर कार्यकर्ता एकत्र हुए। जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल रोशन के नेतृत्व में कार्यकर्ता जुलूस की शक्ल में सुभाष चौक, कोआपरेटिव चौराहा, नगर पालिका रोड होते हुए सदर तहसील परिसर में पहुंचे, जहां प्रदर्शन कर केस वापस लेने की मांग की। कहा कि प्रदेश अध्यक्ष पर दर्ज केस फर्जी है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार में जनता की समस्याओं को उठाने वाले जनप्रतिनिधि पर पुलिस फर्जी केस दर्ज कर रही है।

रुद्रपुर जाने के लिए यात्रियों ने झेली परेशानी

देवरिया। सावन के पहले दिन रुद्रपुर स्थित दुग्धेश्वरनाथ मंदिर पर पूजन अर्चन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं एवं अन्य यात्रियों को समय से बसें नहीं मिलीं। इसके बाद अधिकांश लोगों ने प्राइवेट साधनों से अपनी यात्रा पूरी की। सावन के पहले देखते हुए रोडवेज की ओर से रुद्रपुर रूट पर पर्याप्त बसें चलाने की योजना बनाई गई थी। हालांकि यात्रियों की संख्या के आगे यह कम पड़ गईं। वरिष्ठ कंट्र प्रभारी राकेश पति त्रिपाठी ने बताया कि सुबह के समय रुद्रपुर जाने के लिए यात्री अधिक दिखे। इसके बाद धीरे-धीरे उनकी संख्या कम होती गई। यात्रियों को असुविधा न हो, इसके लिए बसों को इस रूट पर भेजा गया।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, दूसरा घायल

महाराजगंज। देर शाम सिसवा धुधली मुख्य मार्ग पर बरवां डुरिका व हरपुर पकड़ी चिलुवहां के बीच ट्रक की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। हादसे में दूसरा युवक घायल हो गया। उसका सिसवा सीएचसी में उपचार चल रहा है। कोठीनार थानाक्षेत्र अंतर्गत बरवां सालिकराम निवासी शिव शंकर अपने मित्र के साथ हरपुर पकड़ी चौराहे से घर लौट रहे थे। जैसे ही बरवां डुरिका के पास पहुंचे थे, तभी ट्रक ने बाइक को ठोकर मार दी और सवार घायल हो गए जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस से सिसवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने शिव शंकर की गंभीर हालत देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया और उसके साथी बाइक सवार को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई पर जिला अस्पताल जाते समय रास्ते में ही शिव शंकर की मौत हो गई।

रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी बने वैश्य समाज के देवीपाटन मंडल अध्यक्ष

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। वैश्य समाज उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अजय कंसरी ने जनपद बलरामपुर का वैश्य समाज जिलाध्यक्ष दिलीप गुप्ता को बनाया व वैश्य समाज के संरक्षक एवं उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी की संस्तुति पर जनपद बलरामपुर के भगवतीगंज नगर वार्ड के रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी को वैश्य समाज का देवीपाटन मंडल अध्यक्ष मनोनीत किया है उन्हें वैश्य समाज का देवीपाटन मंडल अध्यक्ष मनोनीत किये जाने से वैश्य समाज के लोगों में हर्ष की लहर दौड़ गई गयी है जिसमें रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी वैश्य समाज देवीपाटन मंडल अध्यक्ष के मोबाइल पर व उनके आवास पर काफी लोगों ने बधाई दी जिसमें श्रावस्ती सांसद राम शिरोमणि वर्मा, सदर विधायक पलटू राम तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, पूर्व मंत्री विधायक सभापति शास्त्री, पूर्व मंत्री बहराइच विधायक अनुपमा जायसवाल, रवि मिश्रा जिलाध्यक्ष भाजपा, अनुप चंद्र गुप्ता चौयरमेन प्रतिनिधि उतरौला, वीरेन्द्र प्रताप

सिंह धीरू चौयरमेन पूर्व विधायक दिग्विजय गुप्ता, मालवा नेत्री ललिता सिंह, मालवा नेत्री शेरावाली कोमल, हरिश्चंद्र गुप्ता, प्रमोद चौधरी दिलीप गुप्ता, राम शरण गुप्ता महेश नारायण तिवारी, राजीव रस्तोगी चेयरमैन प्रतिनिधि, पूर्व मंत्री सलील सिंह टीटू, सूरज सिंह, सभा पूर्व जिलाध्यक्ष परशुराम वर्मा, पूर्व अध्यक्ष इशरत जमाल डॉक्टर एहसान, डॉक्टर दिना कौशर, भा कुमार गिडार उतरौला के राधेश्याम वर्मा आकाश गुप्ता, अमित गुप्ता, राम प्रकाश गुप्ता, संजय गुप्ता ज्वेलर्स, दीपक चौधरी, आलोक गुप्ता एडवोकेट, नरेंद्र पटवा श्रवण कुमार सोनी, मनोज सिंह कसेरा, मनोज सोनी, अशोक सोनी, बृजेश कसौधन संतोष सोनी, सुरेश गुप्ता, अनिल गुप्ता किशन अरोरा, अजय अग्रवाल, सुरेंद्र केसवानी, अंकित कमलापुरी, अशोक गुप्ता व श्रीमती झूना सिंह, प्रतिभा श्रीवास्तव, अर्चना सिंह, मधु गुप्ता मीरा सिंह, पूनम गुप्ता, सुधा त्रिपाठी, मीना सोनकर सविता सिंह, डॉ पम्मी पांडेय, रितु अग्रवाल, आदि काफी संख्या में लोगों ने बधाई दी।

अवारा कुत्तों का हमला बच्चों पर थम नहीं रहा, प्रशासन नहीं कर रहा कोई कार्रवाई

बच्चे की हालत गंभीर जिला अस्पताल बहराइच किया गया रेफर

दैनिक बुद्ध का सन्देश

खैरीघाट/बहराइच। आवारा कुत्तों का हमला बच्चों पर थमने का नाम नहीं ले रहा है और झुंड में जाकर बच्चों को घेर कर हमला कर देते हैं, लेकिन स्थानीय प्रशासन कोई भी कार्रवाई नहीं कर रहा है। आवारा कुत्तों के दहशत से बच्चों का घर से निकलना दुश्वार हो गया है। जिसमें आज मटेरा नहर के पास आवारा कुत्तों के झुंड ने एक बालक पर हमला कर दिया, हालत गंभीर होने के नाते स्थानीय अस्पताल के डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। प्राप्त जानकारी अनुसार खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत कमहरिया गांव निवासी उब्बन का 12 वर्षीय बालक नूरुद्दीन मंगलवार सुबह करीब सात बजे मटेरा नहर के पास खेत से चप्पल लाने गया था तभी अचानक आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। नूरुद्दीन के सिर, कमर, जांघ, पैर आदि कई स्थानों पर कुत्तों ने हमला किया। गंभीर हालत में परिजन सीएचसी शिवपुर लेकर गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होता देख डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सीएचसी अधीक्षक डॉ नलिन राजा ने बताया कि बालक के सिर, कमर, पैर पर गंभीर जख्म है। बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मालूम हो कि एक दिन पूर्व सेमरिया गांव निवासी सात वर्षीय दिलशाद पर भी कुत्तों के झुंड ने हमला कर घायल किया जिसका इलाज लखनऊ में चल रहा है। कुछ माह पूर्व मटेरा कलां गांव में एक मासूम बच्ची की कुत्तों के झुंड ने हमला कर जान ले लिया।

स्पोर्ट्स स्टेडियम में बोसू, एथेलेटिक्स

फुटबाल, खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। जिला खेल कार्यालय की ओर से सोमवार, मंगलवार को खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें सोमवार को ताइक्वांडो बालक वर्ग, हॉकी बालिका वर्ग एवं हैंडबॉल बालिका वर्ग प्रतियोगिता तथा मंगलवार को बोसू एथेलेटिक्स, फुटबाल का आयोजन किया गया। क्रीड़ाधिकारी दिनेश कुमार व उप क्रीड़ाधिकारी कमाल अहमद ने बताया कि नागेंद्र कुमार गिरी व बिना खातून की देखरेख में आयोजित कराई गई। प्रतियोगिता का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि दीपी सिंह बैस ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उक्त अवसर उपक्रीड़ा अधिकारी प्रवेश कुमार रायत, सूरज कुमार, विनय शंकर पांडेय, प्रिंस यादव, राहुल, तौहीद अहमद, राम गोपाल पांडेय, राजेश कुमार प्रजापति का सराहनीय योगदान रहा।

नवाचार शिक्षण का प्रयोग करें शिक्षक : चैतन्या

दैनिक बुद्ध का सन्देश

पयागपुर। प्राचार्य डायट व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह के निर्देश पर जनपद के समस्त न्याय पंचायतों में शिक्षक संकुल की बैठक आयोजित की गई, इसी क्रम में पयागपुर विकासखंड के शिवदहा न्याय पंचायत के उच्च प्राथमिक विद्यालय पिपरा कमाल शिवदहा के बैठक हाल में न्याय पंचायत के समस्त शिक्षकों की बैठक संपन्न हुई स शिक्षक संकुल बैठक की अध्यक्षता पूर्व एआरपी राजेश कुमार मिश्र ने किया स पूर्व एआरपी राजेश कुमार मिश्र ने उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी शिक्षक नवाचार के माध्यम से कक्षा शिक्षण नवीन गतिविधि के साथ शिक्षण कार्य करें, शिक्षक शिक्षक संकुल बैठक का संकुल बैठक में सहज –सरल तरीके से पढ़ने– पढ़ाने की गतिविधि, प्रिंटरिच मटेरियल, शिक्षक संदर्शिका का प्रयोग, शिक्षक डायरी, गणित विज्ञान किट, सहज पुस्तक आदि के कक्षा शिक्षण में प्रयोग करने पर विशेष बल दिया गया स पर्यवेक्षण राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ द्वारा नामित जनपद निपुण नोडल चैतन्या तथा एसआरजी प्रीति श्रीवास्तव द्वारा किया गया, नवाचार शिक्षण पर विशेष बल दिया स कार्यक्रम का संचालन नोडल शिक्षक संकुल अजय कुमार श्रीवास्तव ने किया स शिक्षक संकुल बैठक में राजेश कुमार मिश्र, अखिलेश यादव, आदित्य विष्वकर्मा, हरिओम गौड़, अनिल कुमार सिंह, पेशकार तिवारी, प्रदीप तिवारी, दिनेश कुमार, संजय, नधु मोहिना दुबे, मनोज लता, रत्ना सिंह, सरोज श्रीवास्तव, मोहन, नीलम, मोनिका, चंद्रशेखर तिवारी, अजय, रामनरेश यादव, आदि शिक्षक मौजूद रहे स इसी तरह विकासखंड के न्याय पंचायत, लालपुर, त्रिकोलिया, सोहरियाया, पयागपुर, बननियाया, हंसुआपरा, खुटेहना, कुशमौना में भी शिक्षक संकुल की बैठक संपन्न की गयी ।

कोटेदारों ने जिला पूर्ति अधिकारी को लाभांश बढ़ाने को लेकर सौंपा ज्ञापन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बहराइच। बहराइच में कोटेदारों ने मंगलवार को कलक्ट्रेट परिसर में ऑल इंडिया जेयर प्राइस शाप डीलर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश तिवारी के नेतृत्व में जिलाधिकारी और जिला पूर्ति अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग किया है। जिला कार्यकारी अध्यक्ष शिव गोविन्द गौड़ ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार सौतेला व्यवहार कर रही है। 90 रुपया प्रति क्विंटल के हिसाब से सरकार लाभांश दे रही है, जबकि अन्य प्रदेश में 200 रुपये प्रति क्विंटल दिया जा रहा है।हम मांग करते हैं कि कोटेदारों को 20 हजार रुपए मानदेय दिया जाए। जिसमें कोटेदारों ने बताया कि वर्तमान समय में फोन द्वारा फीडबैक लिया जाता है जिसमें हम लोगों के विपक्षियों के पास फोन जाता है और वह लोग उल्टा सीधा जवाब देते हैं ऐसा व्यक्ति फोन उठाता है जो राशन लेने गया ही ना हो और जब कोटेदारों की दुकान की जांच हो तो किसी एक विभाग द्वारा करवाया जाए कई विभागों से जांच करवाने पर हम लोगों का शोषण बढ़ता है साथ ही हम लोगों का बकाया भुगतान किया जाए। शासनादेशानुसार डोर स्टेप वितरण गुणवत्ता युक्त खाद्यान्न कोटे की दुकान पर पहुंचाकर दिया जाए जिसमें जिला कार्यकारी अध्यक्ष शिव गोविन्द गौड़,जिला उपाध्यक्ष कमलेश कुमार गोस्वामी काफी संख्या में जिले भर के कोटेदार उपस्थित रहे।

डॉ. सर्वेश कुमार शुक्ला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, बहराइच में आयोजित किया गया षवित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बहराइच। डॉ. सर्वेश कुमार शुक्ला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, सबलापुर, बहराइच (उत्तर प्रदेश) में वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह ऑनलाइन वेबिनार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (छैन) के सहयोग से ब्वदज प्लेटफार्म पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों एवं शिक्षकों को वित्तीय योजना, बचत, निवेश तथा आर्थिक जागरूकता के प्रति प्रशिक्षित करना रहा। इस वेबिनार के समन्वयक डॉ. मनीष कुमार शर्मा रहे तथा कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. आनंद कुमार चौरसिया एवं डायरेक्टर पल्लवी शुक्ला के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. चंद्रशेखर, डॉ. मुकेश माहिच, डॉ. प्रियंका शर्मा, मैनेजर आस्था शुक्ला, डॉ. पवन वर्मा, डॉ. शैलेन्द्र संजय गौतम, प्रो. संतोष, डॉ. मनीष शुक्ला, डॉ. संदीप, जगदंबा प्रसाद शुक्ला सहित समस्त संकाय सदस्यों एवं सभी विद्यार्थियों की सक्रिय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में अजय कुमार उपाध्याय (छैम) द्वारा मुख्य व्याख्यान प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने वित्तीय प्रबंधन, समझदारी पूर्ण निवेश एवं आयुर्वेदिक छात्रों के लिए आर्थिक स्थिरता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। पूरे कार्यक्रम का संचालन कुशलतापूर्वक नेहा मौर्या द्वारा किया गया। इस सफल आयोजन ने यह सिद्ध किया कि आयुर्वेदिक शिक्षा संस्थानों में केवल चिकित्सा ही नहीं बल्कि समग्र विकास की दिशा में भी गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ उठायें कृषक : उप निदेशक कृषि

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बहराइच। उप .थि निदेशक विनय कुमार वर्मा ने बताया कि वर्ष 2025–26 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत खरीफ 2025–26 हेतु धान, मक्का एवं अरहर की फसलें अधिसूचित हैं। फसल बीमा कराने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई 2025 है। श्री वर्मा ने .षकों से अपेक्षा की है कि 31 जुलाई 2025 तक अपनी फसलों का बीमा कराकर फसल नुकसान होने पर फसल बीमा का लाभ प्राप्त करें। फसल बीमा से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए उप .थि निदेशक बहराइच के कार्यालय अथवा फसल बीमा कम्पनी के टोल फ्री नम्बर 14447 पर सम्पर्क कर आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उप निदेशक .थि ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जनपद बहराइच जैसे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए अत्यन्त उपयोगी है। जिसके अन्तर्गत व्यापक आपदाओं से फसलों की क्षति की स्थितियों में .षकों को क्षति की क्षतिपूर्ति फसल बीमा कम्पनी द्वारा की जाती है।

सरयू नदी नाला में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में मचा हड़कंप

दैनिक बुद्ध का सन्देश

खैरीघाट/बहराइच। थानाध्यक्ष खैरीघाट एस कुमार द्वारा प्रेस नोट जारी करके सूचित किया गया है कि आज मंगलवार को समय करीब 08:00 बजे सुबह सूचना मिली कि ग्राम बेला नकन थाना खैरीघाट जनपद बहराइच के निकट सरयू नदी, नाला में एक अज्ञात मृत व्यक्ति पड़ा है। इस सूचना पर मौके पर पुलिस द्वारा सम्मानपूर्वक शरीर को नदी से बाहर निकाला गया। आसपास के लोगों से मृतक व्यक्ति के पहचान करने का प्रयास किया गया, किंतु उक्त व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी। स्थानीय लोगों द्वारा बताया गया कि यह व्यक्ति तीन–चार दिन पहले आस–पास घूम–फिर रहा था जिसकी मानसिक दशा ठीक नहीं थी। मृतक नीले रंग की टीशर्ट व काले रंग की हाफ पैंट पहने हुए है तथा उम्र करीब 44 वर्ष रंग सांवला एकहरा मजबूत जिस्म है। फील्ड यूनिट को भी सूचना दी गयी है। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला बहराइच भेज दिया गया। शव के पहचान हेतु खैरी घाट पुलिस जुटी हुई है।

हल्की बारिश में भी नहीं निकल पा रहा नालियों से पानी–आशु

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। स्कूली बच्चों के जाने–आने में भी पैदा हो रही समस्याएं मंगलवार को राबर्ट्सगंज विधानसभा के नगर राबर्ट्सगंज में लाईओवर के नीचे धर्मशाला के पास सड़क पर लगे पानी ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य आशुतोष कुमार दुबे (आशु) के साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ध्यान लगाकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया। आशु दुबे ने कहा कि चुबह की हल्की बारिश में ही सड़क पर पानी अभी तक लगा हुआ है यहां तक की सड़क भी उखड़ गई है पानी के नीचे कितने गड्ढे हैं यह भी स्पष्ट नहीं हो पाता, इस स्थिति में वर्तमान समय में स्कूल खुल जाने के बाद चल रही टैंपो है जो कभी भी दुर्घटना का शिकार हो सकती है, स्कूली बच्चों को चोट भी आ सकती है इसका जिम्मेदार कौन है। यही नालियों का पानी सड़कों पर देखने को मिल जा रहा है, साफ सफाई न होने के कारण हल्की बारिश में ही पानी सड़कों पर जमा हो जाता है शहर के अंदर हमारे व्यापारी भाइयों को लगातार दिक्कतें पैदा हो रही है, पानी में रहने वाले जानवर भी मकान में घुस रहे हैं ,पूर्व में भी इसको लेकर नगर पालिका पर प्रदर्शन किया गया था जिस पर चेयरमैन ने स्पष्ट किया था कि साफ सफाई किया भी गया है और बन रहे नालियों को लेकर उन्होंने कार्यदायी संस्था सी0एन0डी0एस0 पर आरोप लगाए थे, उसके पश्चात सी0एन0डी0एस0 का भी घेराव

हुआ। नालियों का पानी जो घरों में जा रहा है इसका जिम्मेदार कौन है यह स्पष्ट होना चाहिए। इसी को लेकर ध्यान लगाकर सांकेतिक विरोध किया गया, यह मांग भी किया गया कि इसकी जल्द से जल्द भरपाई कर इसको सही किया जाए ताकि भविष्य में सड़कों पर पानी न लगे। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस नेता मनोज मिश्रा ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को इसे संज्ञान में लेकर तत्काल प्रभाव से इसकी व्यवस्था करनी चाहिए ताकि सबको राहत मिल सके, युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सुरज वर्मा ने कहा कि ये मुख्यालय है अगर यहां की स्थिति इस प्रकार की है तो जिले की स्थिति किस प्रकार की होगी इसे समझा जा सकता है, कांग्रेस नेता श्रीकांत मिश्रा ने कहा कि पानी नालियों में लग रहा है उसमें जानलेय जंतु भी होते है मच्छर भी पैदा होंगे जिससे तमाम बीमारियां भी फैलेंगी इसका जिम्मेदार कौन होगा। कार्यक्रम मुख्य रूप से उपस्थित करने वालों में सोशल आउट रिच डिपार्टमेंट के जिला अध्यक्ष सुशील राय, युवा कांग्रेस विधानसभा घोरावल के अध्यक्ष अनिल चौबे, युवा कांग्रेस के जिला महासचिव दयाराम प्रजापति, राहुल जैन, प्रमोद प्रजापति, लक्ष्मी कुमार, आशीष कुमार के साथ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एएसपी मुख्यालय द्वारा रिजर्व पुलिस लाईन चुर्क में परेड की ली गई सलामी, किया गया निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। अनिल कुमार अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) द्वारा पुलिस लाईन चुर्क परेड ग्राउंड में मंगलवार परेड की सलामी ली गई तथा परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के पश्चात

शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड की दौड़ लगवाई। निरीक्षण के क्रम में उनके द्वारा यू0पी0–112 व थानों से आये वाहनों की गहनता से चेकिंग की गयी तथा पीआरवी पर तैनात पुलिस कर्मियों से वाहनों में उपलब्ध टंगा नियंत्रण/सुरक्षा उपकरणों के सम्बंध में जानकारी लेते हुए उनकी चेकिंग की गयी व पुलिस लाईन चुर्क में चल रही जेटीसी का किया गया निरीक्षण तत्पश्चात पुलिस लाईन चुर्क में स्थित क्वार्टर गार्ड पर तैनात सलामी गार्द द्वारा एएसपी मुख्यालय को सलामी दी गयी जिसपर उनके द्वारा सलामी का अभिवादन स्वीकार किया गया। इस दौरान क्वार्टर गार्द, स्टोर, परिवहन शाखा, मेस, पुलिस बैरक व पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण कर साफ–सफाई पर विशेष ध्यान देने हेतु सम्बंधित को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।

पिंडारी में युवक मंगल दल के तत्वाधान में एक बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। बीजपुर ग्राम पंचायत पिण्डारी में नाग पंचमी के दृष्टिकोण देखते हुए बैठक किया गया जिसमें गांव के सम्मानित ग्राम प्रधान और युवक मंगल दल के पदाधिकारी गण उपस्थित हुए जिसमें नाग पंचमी के कार्यक्रम के सम्बद्ध में विषय में विस्तार से चर्चाएं की गई। खेल प्रतियोगिता में हाई जम्प,लांग जम्प, कबड्डी कुश्ती होना सुनिश्चित हुआ है। कार्यक्रम स्थल पिण्डारी चौराहा पर को होना सुनिश्चित हुआ है बैठक में ग्राम प्रधान और युवक मंगल दल के पदाधिकारी गण और गांव के सम्मानित लोग भी उपस्थित रहे। ग्राम प्रधान राम श्री सजीवन, प्रमोद राठव, भानु प्रताप, देवेंद्र जायसवाल, रुद्र नारायण जायसवाल सहित ग्रामीण रहवासी उपस्थित रहे।

सर्पदंश से 5 वर्षीय बालिका की मौत

रात में चारपाई पे सो रहे थे पिता पुत्री

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। बभनी थाना क्षेत्र के पोखरा गांव में सोमवार रात जहरीले जन्तु के काटने से बालिका मौत हो गई। सूचना पर पुलिस पुलिस शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुद्धी भिजवाया दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 5 वर्षीय वर्षा गुप्ता पुत्री सरजू गुप्ता निवासी पोखरा की मौत जहरीले जन्तु के काटने से हो गई। सोमवार की रात पिता सरजू गुप्ता और पुत्री वर्षा गुप्ता एक ही चारपाई पर सो रहे थे। रात के लगभग 12.30 बजे अचानक वर्षा चीखने चिल्लाने लगी। पुत्री की चीख सुनकर पिता ने देखा कि कोई जहरीला जन्तु पुत्री काट कर जा रहा है। शोर गुल घर सभी लोग और आस पास के लोग जुट गए। अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे कि वर्षा गुप्ता ने दम तोड़ दिया।पुत्री की मौत से मां चुन्निका का तो रो रो बुरा हाल हो गया है। सूचना बभनी पुलिस को किया गया। बभनी पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में ले पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी भिजवाया दिया। उप निरीक्षक तेज बहादुर सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

ट्रेलर और हाईवा ट्रक में हुई आमने–सामने टक्कर

ट्रक का खलासी गंभीर रूप से घायल

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। हत्थी थाना क्षेत्र के अंतर्गत गहदरवा मोड़ के ठीक

आगे दुद्धी से चोपन एवं चोपन से रांची की ओर जा रही ट्रेलर और हाईवा ट्रक में आमने–सामने मोड़ पर टक्कर हो गई जिससे ट्रक पर सवार खलासी को गंभीर चोटें आई है, सूचना पाकर मौके पर पहुंचे हत्थीनाला थानाध्यक्ष भैया एसपी सिंह ने तुरंत खलासी जितेंद्र कुमार को ट्रक से बाहर निकलवाया और एंबुलेंस के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी इलाज के लिए भेजा, जहां चिकित्सक द्वारा घायल का इलाज जारी है। वहीं हत्थीनाला पुलिस सड़क पर पड़े दुर्घटनाग्रसित दोनो वाहनों को सड़क से हटाने में जुटी, ताकि यातायात जल्द से जल्द बहाल हो सके।

विश्व युवा कौशल दिवस का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। उ0प्र0 कौशल विकास मिशन लखनऊ के निर्देशानुसार मंगलवार को राजकीय आई0टी0आई0 राबर्ट्सगंज के परिसर में विश्व युवा कौशल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि राज्यमंत्री संजीव गौड़ , एवं विशिष्टि अतिथि मुख्य विकास अधिकारी जागृति अग्रवाल जी के द्वारा माँ सरस्वती देवी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों द्वारा राजकीय आई0टी0आई0 एवं कौशल विकास मिशन के लाभार्थियों द्वारा स्थानिर्मित जॉब एवं प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से जनपद सोनभद्र के सभी राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों एवं कौशल विकास केन्द्रों के विभिन्न रोजगारपरक व्यवसायों में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके एवं वर्तमान में प्रशिक्षणरत लगभग 400 प्रशिक्षणार्थी/लाभार्थी उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में कुल 11 सर्वश्रेष्ठ कौशल प्रशिक्षण

प्राप्त सेवायोजित युवाओं को कौशल युथ आईकन से सम्मानित किया गया। स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के कुल 05 लाभार्थियों को टैबलेट का वितरण किया गया। दिनांक 13 जुलाई, 2025 को आयोजित रोजगार मेले में चयनित कुल 11 सेवायोजित लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र एवं उ0प्र0 कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत उत्कृष्ट प्रशिक्षण कार्य करने वाले कुल 03 प्रशिक्षण प्रदाताओं को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित डिण्डालको इण्डस्ट्रीज लि0 रेनुकूट सोनभद्र के प्रतिनिधि श्री विजय व्यास एवं श्री यशवंत कुमार को अप्रेंटिस प्रशिक्षण में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए सम्मानित किया गया। इस विश्व युवा कौशल दिवस कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री समाज कल्याण उ0प्र0 संजीव गौड़, विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अग्रवाल, जिला विद्यालय निरीक्षक जयराम सिंह नोडल राजकीय आई0टी0आई0 दुद्धी के प्रधानाचार्य रविन्द्र पटेल राजकीय आई0टी0आई0 नकटू बीजपुर के प्रधानाचार्य गोपाल दास, ज्ञान गंगा निजी आई0टी0आई0 राबर्ट्सगंज के प्रबन्धक कमल देव चौधरी, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन सोनभद्र के जिला प्रबन्धक मनीष कुमार तथा साथ ही सभी राजकीय आई0टी0आई0 के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

संकुल बैठक में शिक्षकों संग विभागीय बिंदुओं पर हुई चर्चा

प्राथमिक विद्यालय करसोता में परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों की हुई बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। शासन के निर्देश के क्रम में विकास खण्ड घोरावल के बेसिक शिक्षा विभाग में माह के तीसरे मंगलवार को संकुल शिक्षक की बैठक आयोजित की गई। इसी तत्क्रम में न्यायपंचायत लक्षास के सभी परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों की बैठक प्राथमिक विद्यालय करसोता में आयोजित हुई। कार्यक्रम की शुरुआत में नवागत एआरपी ओमप्रकाश का माल्यार्पण एवं अंगवस्त्रम देकर एआरपी बनने की बधाई देने के साथ विकास खण्ड में आने पर स्वागत किया गया। इसके पश्चात बैठक विभागीय बिंदुओं पर शिक्षकों से वार्ता की

गई। बैठक में शिक्षको संग स्कूलो में नामांकन बढ़ाने, वृक्षारोपण अभियान रैली निकाल अभिभावको समेत कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। साथ ही सभी विद्यालयों को स्कूल चलो अभियान के तहत बच्चों को स्कूलों में बच्चों को भेजने हेतु जागरुक करने का निर्देश दिया गया। वहीं शिक्षकों ने भी डीबीटी, नामांकन एवं अन्य ऑनलाइन कार्यों में आ रही समस्याओं से एआरपी एप शिक्षक संकुलों को अवगत कराया जिसका समाधान उक्त द्वारा किया गया। बैठक में अवधेश दिवाकर तिवारी, हिमांशु मिश्र, प्रद्युम्न प्रभाकर मिश्र, श्याम नारायण, जनता, आबिद अली, रमेश मिश्रा, अनीता, सहित कई शिक्षकगण उपस्थित रहे।

यूपी टिम्बर एसोसिएशन ने यूपी सरकार को कहा धन्यवाद

यूपीटीए के पुश्तैनी टिम्बर व्यापारियों को न्याय मिलने के एक वर्ष पूर्ण होने पर मनाया गया विजय दिवस

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश टिम्बर एसोसिएशन (यूपीटीए) के प्रदेश अध्यक्ष मोहनीश त्रिवेदी द्वारा अपने प्रतिष्ठान ऐशबाग में विजय दिवस के रूप में पुश्तैनी टिम्बर व्यापारियों को न्याय मिलने के एक वर्ष पूर्ण होने का जश्न मनाया। त्रिवेदी ने बताया कि 8 वर्ष पूर्व 16 अप्रैल 2017 को पुश्तैनी टिम्बर व्यापारियों की कागजों में कुछ कमी के चलते टिम्बर मशीन को प्रशासन द्वारा हटवा दिया गया था उस वक्त उत्तर प्रदेश टिंबर एसोसिएशन की स्थापना

हुई और संगठन द्वारा हाईकोर्ट, एनजीटी व सर्वोच्च न्यायालय सहित लखनऊ के जीपीओ से ले कर दिल्ली के जंतर मंतर तक संघर्ष किया गया। जिसके परिणाम स्वरूप उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, पन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना एवं औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल नंदी द्वारा इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से पुश्तैनी टिम्बर व्यापारियों को न्याय दिलवाया गया। लंबे संघर्ष के बाद पुश्तैनी टिम्बर व्यापारियों का व्यापार 15 जुलाई 2024 को राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा द्वारा ऐशबाग में मोहनीश त्रिवेदी के प्रतिष्ठान में पहुंच कर मैसर्स अशोक टिंबर स्टोर के साथ साथ पूरे प्रदेश की 100 से अधिक यूनिट्स का ऑनलाइन एक साथ उद्घाटन कर शुभारंभ करवाया गया था। त्रिवेदी ने बताया कि यूपीटीए द्वारा सामूहिक रूप से इन्वेस्टर्स समिट के अंतर्गत 1000 करोड़ रुपए का इन्वेस्टमेंट किया गया जिसमें हजारों लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए। जिसके लिए संगठन का हर पदाधिकारी धन्यवाद यूपी सरकार के स्लोगन लगे बोर्ड के साथ व्यापार कर रहा है ल।

नाली में गिरी भैंस स्थानीय लोगों की मदद से निकला गया

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। चिल्लमगंज जाना मस्जिद सलैयाडीह के सामने मेन

रोड में नाले में गिरी भैंस ग्रामीणों ने एकजुट होकर मवेशी को बाहर निकाला. नाले की पटिया कई महीनो से टूटी पड़ी है। यही नाले की सफाई ना होने से उसमे कीचड़ भरा हुआ है। आज नाली में एक भैंस गिर गई, जो नाले में फंस जाने से नाले से बाहर ना आ सकी। नाले में भैंस फंसे होने की सूचना लोगों को मिलने पर लोग एकत्रित होकर भैंस को निकालने का प्रयास करने लगे। लोगों की सामूहिक शक्ति की वजह से भैंस को नाले से निकाल कर उसको मरने से बचा लिया गया। विगत कई माह पूर्व इस नाले में एक गाड़ी भी फंस गई थी, स्थानीय लोगों ने कहा बहुत ही कमजोर पटिया लगाई गई है जिससे जगह जगह टूट रही लेकिन शासन प्रशासन इस पर ध्यान नहीं देती पटिया सुरक्षा हेतु लगाया गया है लेकिन आए दिन दुर्घटना होती रहती है इसके बावजूद पटिया को ठीक नहीं कराया जाता है और ना ही नाली को साफ कराया जाता है शाहरुख खान ने बताया की पूर्व में भी शिकायत कर चुका हू इस बार इस संदर्भ में तहसील दिवस में लिखित शिकायत करुंगा हम सभी कि मांग है कि जल्द से जल्द पटिया लगाया जाए मौके पर भैंस को सुरक्षित निकालने में शाहरुख खान, डब्बू खां, परमा यादव, विजया यादव, अन्य लोग मौजूद थे।

पुलिस अधीक्षक ने जनता दर्शन में आए फरियादियों की सुनी गई समस्याएं

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा पुलिस

कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों के शीघ्र, गुणवत्तापूर्ण एवं निष्पक्ष निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई व महिला हेल्पडेस्क को अधिक प्रभावशाली और संवेदनशील बनाया जाए, ताकि आमजन को बार–बार पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न पड़े तथा उनकी समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही हो सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन शिकायतों का निस्तारण थाना स्तर पर संभव है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निष्पादित किया जाए। इसी क्रम में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण एवं थाना प्रभारियों द्वारा भी अपने–अपने कार्यालयों/थानों पर जनसुनवाई करते हुए आमजन से प्राप्त शिकायतों का त्वरित व प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे पुलिस व जनता के मध्य विश्वास और सहयोग की भावना और अधिक सुदृढ़ हो सके।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक– श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हौरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक– राजेश कुमार शर्मा
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458 9415163471, 9453824459 दैनिक बुद्ध का संदेश 9795951917,9415163471 @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

बॉक्स ऑफिस पर मालिक की कमाई में आया उछाल, मेट्रो... इन दिनों ने भी 10वें दिन लगाई लंबी छलांग

अभिनेता राजकुमार राव इन दिनों फिल्म मालिक को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। उनकी यह फिल्म 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और इसे समीक्षकों की तरफ से हरी झंडी मिली, वहीं दर्शक भी पहली बार गैंगस्टर अवतार में दिखे राजकुमार पर खूब प्यार बरसा रहे हैं। भले ही फिल्म की टिकट खिड़की पर शुरुआत धीमी रही हो, लेकिन वीकेंड पर इसके कारोबार में इजाफा हुआ है। आइए जानें मालिक ने तीसरे दिन कितने करोड़ रुपये कमाए।

बॉक्स ऑफिस आंकड़ों का ब्योरा रखने वाली वेबसाइट सैकनिल्क के मुताबिक, मालिक ने अपनी रिलीज के तीसरे दिन 5.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया। फिल्म ने रिलीज के पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 3.75 करोड़ रुपये बटोरे थे, वहीं दूसरे दिन यह 5.25 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही। इस हिसाब से मालिक ने भारत में 3 दिन में 14.25 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। अब देखना होगा कि यह कामकाजी दिनों में बॉक्स ऑफिस पर कैसा प्रदर्शन करती है।

सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर की फिल्म मेट्रो... इन दिनों को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 10 दिन पूरे हो गए हैं। दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों ने भी इस फिल्म की खूब तारीफ की, जिसका असर इसकी कमाई पर दिख रहा है। भले ही कामकाजी दिनों में इसका बॉक्स ऑफिस पर जादू नहीं चला, लेकिन वीकेंड पर इसने अच्छी-खासी कमाई कर ली है। आइए जानें मेट्रो... इन दिनों ने 10वें दिन बॉक्स ऑफिस पर कैसा प्रदर्शन किया। बॉक्स ऑफिस का ब्योरा रखने वाली वेबसाइट सैकनिल्क के मुताबिक, मेट्रो... इन दिनों ने अपनी रिलीज के 10वें दिन यानी दूसरे रविवार को 4.75 करोड़ रुपये जुटाए। इसी के साथ भारत में अब तक इस फिल्म ने 38.55 करोड़ रुपये कमा लिए हैं, जबकि फिल्म का बजट 40 करोड़ रुपये है। इस म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा फिल्म में पंकज त्रिपाठी, कोंकणा सेन शर्मा, अली फजल, फातिमा सना शेख, अनुपम खेर और नीना गुप्ता ने भी अहम भूमिका निभाई है।

वहीं शनाया कपूर की डेब्यू फिल्म आंखों की गुस्ताखियां को दर्शकों ने पूरी तरह से नकार दिया है। 11 जुलाई को रिलीज हुई इस फिल्म की ओपनिंग डे पर कमाई बहुत खराब रही। इसने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर महज 30 लाख रुपये से खाता खोला। शनिवार को फिल्म ने 49 लाख रुपये का कारोबार किया। रविवार को फिल्म की कमाई और घट गई और इसने 41 लाख रुपये का कारोबार किया। इस तरह से फिल्म ने अब तक बॉक्स ऑफिस पर 1.2 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। फिल्म में विक्रांत मैसी अहम किरदार में हैं।

मोनालिसा ने इंस्टाग्राम पर शेयर की दिलकश तस्वीरें, फैंस बोले गॉर्जियस

भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा एक बार फिर अपने बोल्ड और ग्लैमरस अंदाज को लेकर सुर्खियों में हैं. हाल ही में मोनालिसा ने इंस्टाग्राम पर कुछ नई तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह व्हाइट

टॉप और ब्लू पोल्का डॉटेड शॉर्ट्स में बेहद स्टनिंग नजर आ रही हैं. तस्वीरों में उनका कूल अंदाज और स्माइल फैंस को काफी पसंद आ रहा है.मोनालिसा ने यह तस्वीरें शेयर करते हुए कोई लंबा कैप्शन तो नहीं लिखा, लेकिन उनकी पोस्ट पर फैंस के कमेंट्स की बारिश हो रही है. किसी ने उन्हें गॉर्जियस कहा तो किसी ने हार्टब्रेक बताते हुए दिल और फायर इमोजी भेजे. कुछ ही घंटों में तस्वीरों पर हजारों लाइक्स और कमेंट्स आ चुके हैं, जो उनकी पॉपुलैरिटी को साबित करते हैं.

मोनालिसा का यह कैजुअल लेकिन स्टाइलिश लुक एक बार फिर फैंस के दिल जीतने में कामयाब रहा है. सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वाली मोनालिसा अक्सर अपनी लाइफस्टाइल और लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर करती रहती हैं, जो मिनटों में वायरल हो जाती हैं. इस बार भी कुछ ऐसा ही हुआ और उनकी ये तस्वीरें इंटरनेट पर छा गई हैं. फैंस अब बेसब्री से उनके अगले पोस्ट का इंतजार कर रहे हैं और लगातार प्यार और तारीफों से उनकी पोस्ट पर कमेंट कर रहे हैं.

टी-सीरीज ने रिलीज किया नया धमाकेदार म्यूजिक वीडियो दिल पे चलाई छुरियाँ

टी-सीरीज ने अपने मशहूर गाने दिल पे चलाई छुरियाँ का एक नया और ट्रेंडिंग वर्जन रिलीज किया है, जो पुराने जज़्बातों में नए रंग भरता है। म्यूजिकवीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गयारू यह गाना जो पहले से ही आपके दिल और टिमाग में जगह बना चुका है, अब रिलीज हो गया हैदिलपेचलाईछुरिया! सोनू निगम की अमर आवाज के साथ यह वीडियो एक बार फिर लोगों के दिलों में बस गया हैकृइस बार एक ताजगी भरेअंदाज में।

यह गाना सबसे पहले 1995 की फिल्म बेवफा सनम में आया था, जिसे निखिल-विनय ने

संगीतबद्ध किया था और बोल लिखे थे पयाम सईदी ने।अब इस क्लासिक ट्रैक को नए जोश और जमाने के डिजिटल सितारों के साथ पेश किया गया है। वीडियो में नजर आते हैं वायरल कलाकार राजूकलाकार, अंजलि अरोड़ा, रजन अरोड़ा, ऋषभ शुक्ला और दीपक ढाग, जिनकी परफॉर्मेंस को कोरियोग्राफ किया है मुहस्सर खान नेहृजो अपनेजोरदार बॉलीवुड स्टाइल डांस के लिए जाने जाते हैं। वीडियो रंग-बिरंगे दृश्यों और उत्सव भरे मूड से भरपूर है। आकर्षक पोशाकों में सजे डांसर्स ने जोश और उत्साह से भरपूर परफॉर्मेंस दी है, जो हर किसीको थिरकने पर मजबूर कर देती है। पुराने गाने में नया ट्विस्ट देकर इस ट्रेंडिंग वर्जन को आज की युवा पीढ़ी से खास जुड़ाव मिला है। दिल पे चलाई छुरियाँ (ट्रेंडिंग वर्जन) केवल एक रीमेक नहीं है, बल्कि यह एक जश्न हैकृजहाँ बॉलीवुड की सुनहरी यादें और आज का वायरल चार्मएक साथ आते हैं। सोनू निगम की आवाज, और नए चेहरों की एनर्जी मिलकर इसे एक ऐसा म्यूजिक वीडियो बनाते हैं जो बीते कल की भावनाओं को आज के रंग में रंग देता है।

मंडला मर्डर्स से वाणी कपूर की पहली झलक आई सामने, रिलीज तारीख से भी उठा पर्दा

यश राज फिल्म्स और नेटफ्लिक्स की सफल जोड़ी द रेलवे मेन की शानदार सफलता के बाद अब एक्शन थ्रिलर मंडला मर्डर्स आ रहा है। यह सीरीज 25 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

मंडला मर्डर्स की कहानी चरनदासपुर नामक एक रहस्यमयी कस्बे पर आधारित है, जो सैकड़ों साल पुरानी सीक्रेट सोसाइटी और वहां कई हत्याओं से जुड़ी कहानी है।

रहस्यमयी तरह से हुई हत्याओं की जांच के लिए दो जासूस रिया थॉमस (वाणी कपूर) और विक्रम सिंह (वैभव राज गुप्ता) नियुक्त किए जाते हैं।

जांच के दौरान ये रहस्य और यहां के छिपे मकसदों को समझते हैं, जिसमें कई रोमांचक मोड़ आते हैं।

इस सीरीज को यश राज एंटरटेनमेंट ने प्रोड्यूस किया है और इसे मर्दानी फ्रैंचाइज के मशहूर गोपी पुथरन ने बनाया है। गोपी ने मनन रावत के साथ मिलकर इसका निर्देशन भी किया है। आदित्य चोपड़ा, उदय चोपड़ा, योगेंद्र मोगरे और अक्षय विंडलानी इस प्रोजेक्ट के एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर हैं।

इस साइकोलॉजिकल क्राइम-थ्रिलर में वाणी कपूर लीड रोल में हैं, जबकि वैभव राज गुप्ता, सुरवीन चावला और श्रिया पिलगांवकर भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं।

नेटफ्लिक्स और यश राज फिल्म्स ने साल 2023 में द रेलवे मेनल द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ भोपाल 1984 रिलीज की थी, जिसमें आर. माधवन, केके मेनन, दिव्येंदु, बाबिल खान, सनी हिंदुजा और जूही चावला मेहता अहम भूमिकाओं में हैं। यह चार-एपिसोड की मिनी-सीरीज साल 1984 के भोपाल गैस त्रासदी के दौरान रेलवे कर्मचारियों की वीरता की कहानी को पेश करती है, जिन्होंने अपनी सूझबूझ से कई जिंदगियों को बचाया था। इसकी सिनेमैटोग्राफी रुबाइस ने की थी और संपादन यशा जयदेव रामचंद्रानी ने किया था।

रोजाना कुछ मिनट टहलना दे सकता है कई लाभ, जानिए इसे दिनचर्या में कैसे शामिल करें

रोजाना टहलना एक अच्छी आदत है, जो हमारे शरीर और दिमाग के लिए फायदेमंद होती है। हालांकि, कई लोग इसे अपनी दिनचर्या में शामिल नहीं कर पाते हैं। अगर आप भी उन लोगों में से एक हैं, जो रोजाना टहलने का समय नहीं निकाल पाते हैं तो ये पांच तरीके आपकी मदद कर सकते हैं। इन आसान तरीकों से आप रोजाना टहलने की आदत डाल सकते हैं और अपनी सेहत को बेहतर बना सकते हैं।

छोटे-छोटे कदम उठाएं रोजाना टहलने के लिए आपको लंबी दूरी तय करने की जरूरत नहीं है। शुरुआत में छोटी दूरी तय करें और धीरे-धीरे इसे बढ़ाएं। इससे आपके शरीर को आदत पड़ जाएगी और आप बिना किसी दिक्कत के टहलना शुरू कर सकेंगे। छोटे कदम उठाने से आप आसानी से अपनी मंजिल तक पहुंच सकते हैं और रोजाना टहलने की आदत बना सकते हैं। यह तरीका आपके लिए अधिक सुविधाजनक और असरदार हो सकता है, जिससे आप नियमित रूप से टहलने लगेंगे।

दोस्तों या परिवार वालों के साथ चलें टहलने के लिए किसी दोस्त या परिवार के सदस्य को साथ ले जाएं। इससे न केवल आपका समय अच्छा कटेगा बल्कि आप दोनों की सेहत भी बेहतर होगी। साथ ही आपसी बातचीत से आपका मन भी हल्का रहेगा और तनाव कम होगा। दोस्तों या परिवार वालों के साथ टहलने से आपकी सामाजिक संबंध भी मजबूत होंगे और आपसी समझ बढ़ेगी। यह आदत आपको नियमित रूप से टहलने के लिए प्रेरित करेगी और आपके मानसिक स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाएगी।

सही जूते पहनें टहलने के लिए आरामदायक और सही जूते पहनना बहुत जरूरी है। अच्छे जूतों से आपकी चाल में सुधार होगा और पैरों में दर्द नहीं होगा। सही जूते पहनने से आपकी टहलने की क्षमता बढ़ेगी और आप बिना किसी परेशानी के लंबे समय तक चल सकेंगे। अच्छे जूतों का चयन करते समय उनके आकार पर ध्यान दें ताकि वे आपके पैरों को सही तरीके से समर्थन दें और आरामदायक महसूस हों।

संगीत सुनते हुए चलें संगीत सुनना आपके टहलने के अनुभव को और भी सुखद बना सकता है। पसंदीदा गाने सुनते हुए चलने से आपका मनोबल बढ़ेगा और आप अधिक आनंदित महसूस करेंगे। इससे आपका ध्यान भी बंटेगा और आप थकान महसूस नहीं करेंगे। इसके अलावा संगीत सुनते हुए चलने से आपकी गति भी बढ़ सकती है और आप अधिक उत्साहित महसूस करेंगे। यह आदत आपको नियमित रूप से टहलने के लिए प्रेरित करेगी और आपके मानसिक स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाएगी। समय निर्धारित करें रोजाना टहलने के लिए एक निश्चित समय तय करें और उसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लें। इससे आपकी आदत बन जाएगी और आप इसे नियमित रूप से निभा पाएंगे। इन सरल तरीकों की मदद से आप आसानी से रोजाना टहलने की आदत डाल सकते हैं और अपनी सेहत को बेहतर बना सकते हैं। याद रखें कि नियमित टहलना आपके जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने का एक अहम कदम है।